वर्षः 7- अंकः 209, मुंबई, मंगलवार, 17 अक्टूबर, 2017 , मूल्यः1 रु. ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस.खान


# दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त TM

अब हर सच होगा उजागर




MIX MITHAI
MM MITHAIWALA
MALAD(W), Tel.: 288 99 501


## बेंगलुरु में ब्लास्ट



### 4 बिल्डिंग गिरीं, 7 मरे

**मारे गए लोगों के परिवार को 5-5 लाख मुआवजा**

**बेंगलुरु।** यहां के एजिपुरा में सोमवार को एक धमाके के साथ चार मकान जमींदोज हो गए। हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई। जान गंवाने वाले एक पेरेंट्स की बच्ची को मलबे से जिंदा निकाला गया है। उसकी उम्र 2 से 3 साल है।

(शेष पृष्ठ 5 पर)

## गुजरात में मोदी की हुंकार



## 2019 की नहीं 2024 की सोचो

**गांधीनगर।** नरेंद्र मोदी सोमवार को गांधीनगर में बीजेपी के गौरव महासम्मेलन में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा- एक तरफ वंशवाद में पली पार्टियां हैं। उधर, हमारी संकल्पबद्ध कार्यकताओं की पार्टी है। यही बीजेपी की खासियत है। चुनाव हमारे लिए विकासवाद की जंग है, उनके लिए (कांग्रेस) वंशवाद की जंग है। लोकतंत्र मे चुनाव एक यज्ञ होता है। इसमें पार्टी के लोग अच्छा करने की कोशिश करते हैं।

(शेष पृष्ठ 5 पर)

## बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना

### ढाकरे बंधुओं के झगड़े में कूदे भाजपा सांसद किरीट सोमैया

**मनसे पार्षदों की खरीद-फरोख्त मामले में शिवसेना के खिलाफ ईडी जांच की मांग**





**मुंबई।** मनसे के 6 पार्षदों की खरीद-फरोख्त मामले को लेकर मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे और शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे के आपसी झगड़े में भारतीय जनता पार्टी के सांसद किरीट सोमैया कूद पड़े हैं। उन्होंने शिवसेना पर भारी भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। जैसा कि पहले खबर दी जा चुकी है महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे ने अपने चचेरे भाई और शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे पर उनके पार्षदों की खरीद-फरोख्त करने का आरोप लगाया है।

(शेष पृष्ठ 5 पर)



शिवसेना पर भारी भ्रष्टाचार का आरोप

राज ठाकरे अगली रणनीति में जुटे

### परिवार नियोजन को धक्का लापरवाह डाक्टरों पर सरकार का शिकंजा

(समाचार पृष्ठ 6-7 पर)

### अगली दिवाली तक राम मंदिर बन जाएगा

**चुनावी जीत के लिए हिंदू कार्ड जरूरी: स्वामी**

(समाचार पृष्ठ 8 पर)

### खुद को फेशनेबल नहीं मानतीं 'बेफिक्रे' फेम वाणी कपूर

(समाचार पृष्ठ 12 पर)

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# न्याय में देरी हुई, हाई कोर्ट ने मजिस्ट्रेट के खिलाफ दिए जांच के आदेश

**मुंबई।** एक मामले में मुंबई हाई कोर्ट ने आरोपी को जेल से रिहा करने का आदेश सुनाया था। इस मामले में मजिस्ट्रेट द्वारा देरी की वजह से आरोपी जेल से रिहा नहीं हुआ। इस पर उच्च न्यायालय ने मजिस्ट्रेट के खिलाफ ही जांच के आदेश दे दिए।

मुंबई उच्च न्यायालय ने अंधेरी न्यायालय के मजिस्ट्रेट के विरुद्ध जांच के आदेश दिए हैं, क्योंकि उसने उच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद तलोजा जेल में बंद एक कैदी को छोड़ने में विलंब किया था।

6 अक्टूबर को उच्च न्यायालय ने ओशिवरा पुलिस स्टेशन में दर्ज बलात्कार के एक मामले के आरोपी और कारोबारी तेजस परमार को इस केस से मुक्त करने का आदेश दिया था। अदालत ने परमार पर 2 लाख रुपये का हर्जाना लगाया था और उसे रिहा करने के लिए तलोजा जेल को निर्देश भी दिया था।



परमार को 22 सितंबर को इस आरोप में गिरफ्तार किया था और वह 25 सितंबर से तलोजा जेल में था। उच्च न्यायालय द्वारा मामला रद्द करने का आदेश 10 अक्टूबर को मिला। 11 अक्टूबर को जब यह आदेश तलोजा जेल में पहुंचा तो जेल अधिकारियों ने उस कोर्ट के मजिस्ट्रेट से 'रिलीज मेमो' मांगा, जिसने परमार को जेल भेजा था। लेकिन मजिस्ट्रेट ने इस आदेश की तामील नहीं की।

12 अक्टूबर को उन्होंने अंधेरी कोर्ट में गुहार लगाई लेकिन मजिस्ट्रेट ने कोई ध्यान नहीं दिया। उल्टे, उन्होंने यह मामला रद्द करने के लिए उच्च न्यायालय के अधिकार पर सवाल भी उठाया।

दिवाली पर कोर्ट की छुट्टियों से ठीक पहले शुक्रवार को परमार के वकील राजन शिरोडकर ने न्यायाधीश रंजीत मोरे और न्यायाधीश पीडी नाईक की अदालत में यह मामला 'आपात' रूप में उठाया और मांग की कि यह मामला खत्म किया जाए और आरोपी को जेल से रिहा किया जाए।

इस पर न्यायालय ने तलोजा के वरिष्ठ जेलर को परमार को तुरंत रिहा करने का आदेश दिया और उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार से कहा कि वह यह जांच करे कि अंधेरी अदालत के मजिस्ट्रेट ने विलंब क्यों किया और उससे स्पष्टीकरण मांगा जाए। आखिरकार परमार को शुक्रवार को शाम 6 बजे जेल से रिहा किया गया।

## फडणवीस सरकार करेगी 300 करोड़ की 'चेहरा पॉलिश'

**मुंबई।** किसान कर्ज माफी, किसान आत्महत्याएं, महंगाई, जीएसटी और नोटबंदी के कारण मलीन हो चुके चेहरे को चमकाने के लिए सरकार ने अपना 'चेहरा पॉलिश' पर 300 करोड़ रुपये खर्च करने की योजना बनाई है। सरकार ने 23 निजी विज्ञापन एजेंसियों को नियुक्त किया है, जो सोशल मीडिया से लेकर हर संभव तरीके से सरकार के पक्ष में प्रचार करेंगी और लोगों को बताएंगी सरकार कितना 'अच्छा' काम रही है। इसके लिए तीन दिन पहले 12 अक्टूबर को एक शासनादेश भी जारी कर दिया गया है।



**यह है योजना**

सरकारी योजना के मुताबिक इन निजी कंपनियों को सोशल मीडिया पर सरकार के खिलाफ होने वाले प्रचार का जवाब देने, सरकार के पक्ष में विडियो, इन्फोग्राफिक्स, कार्टून, ऐनिमेशन पोस्ट करने, ब्लॉग लिखवाने और टेक्स्ट मेसेज भेजने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा सार्वजनिक सभाएं आयोजित करने, प्रदर्शन, पैनल चर्चा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए भी सरकार की ब्रैंडिंग होगी। जिन कंपनियों को यह काम सौंपा गया है उनमें से कई कंपनियां 2014 में बीजेपी के प्रचार का काम कर चुकी हैं।

**सरकारी विभाग पर भरोसा नहीं**

अब तक यह काम सरकार का सूचना और जनसंपर्क विभाग करता था। सूचना और जनसंपर्क विभाग का मुख्यालय मंत्रालय में ही है और हर जिले में इसकी शाखाएं हैं। इस विभाग में सैंकड़ो कर्मचारी काम करते हैं और उनके वेतन पर सरकार हर महीने करोड़ों रुपए देती है। सरकार के इस फैसले से यह संकेत मिल रहा है कि उसे अपने कर्मचारियों की क्षमताओं पर भरोसा नहीं है, इसलिए नीजि कंपनियों की सेवाएं लेने उन पर 300 करोड़ खर्च करने का फैसला लिया गया है।

## ट्रक ने बीवी को मारी टक्कर, बेरोजगार पति को मिला एक करोड़ रुपये का मुआवजा

**मुंबई।** मोटर ऐक्सिडेंट्स क्लेम्स ट्राइब्यूनल ने बीमा कंपनी को ऐसे बेरोजगार पति को एक करोड़ रुपये देने का आदेश दिया है, जिसकी पत्नी की मौत सड़क दुर्घटना में हो गई थी। पति का कहना था कि वह आर्थिक रूप से अपनी पत्नी पर निर्भर था। ऐसे में बीवी की मौत के बाद उसे आर्थिक संकट से जूझना पड़ा और उसे क्लेम की रकम मिलनी चाहिए। साल 2008 में एक रोज अनाघा नामक महिला अपने पति विवेक के साथ बाइक पर ऑफिस जा रही थीं। मुंबई में अंधेरी फ्लाई ओवर के पास बाइक की भिड़ंत ट्रक से हो गई और अनाघा की मौत हो गई। उस वक्त 26 वर्षीय विवेक बेरोजगार था। इस मामले में विवेक ने कोर्ट में मुआवजे के लिए क्लेम किया। विवेक ने दलील दी कि उसकी पत्नी परिवार की इकलौती कमाने वाली सदस्य थी। जांच में पता चला कि इस घटना में ट्रक ड्राइवर बाबूराम अग्रवाल की गलती थी जो गलत ड्राइविंग कर रहा था। उसने अनाघा को टक्कर मारी, जिसकी मौत अस्पताल पहुंचने से पहले ही हो गई। शुरूआत में वीइकल ओनर ऐंड न्यू इंडिया बीमा कंपनी लिमिटेड ने विवेक की शिकायत को खारिज कर दिया। कंपनी का कहना था कि यह शिकायत झूठी है। ट्राइब्यूनल ने इस मामले में पति से बात की। पुलिस की छानबीन को देखा और परखा। इसके बाद कई कागजात देखे। इसके बाद यह स्पष्ट हुआ कि महिला की मौत ट्रक चालक की गलती की वजह से हुई थी।

इस मामले में मृतका की इनकम को आधार बनाया गया। वह अपनी कंपनी में नैशनल अकाउंट मैनेजर की पोस्ट पर प्रमोट हुई थी। इसके बाद उसकी सालाना इनकम 35 से 40 लाख रुपये हो गई थी। इसे देखते हुए पति की आर्थिक निर्भरता और बेरोजगारी देखते हुए एक करोड़ रुपये मुआवजा तय किया गया। इस मुकदमे को लड़ते-लड़ते विवेक की उम्र अब 37 साल हो गई है। आखिरकार ट्राइब्यूनल ने इस मामले में बीमा कंपनी को एक करोड़ रुपये देने का आदेश दिया है। कोर्ट ने यह फैसला बिना लिंग भेद के आधार पर आर्थिक निर्भरता को देखते हुए सुनाया।

## बिना लाइसेंस बेचे पटाखे, तो खैर नहीं

**मुंबई।** भिवंडी मनपा (महानगर पालिका) प्रशासन ने बिना लाइसेंस के पटाखा बेचने वाले दुकानदारों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई करने का आदेश दिया है। इसके अलावा, दिवाली सहित आनंदोत्सव के अवसर पर आतिशबाजी करने वालों के लिए कई दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

भिवंडी को प्रदूषण रहित बनाने के लिए मनपा प्रशासन ने दिवाली के अवसर पर शहर के विभिन्न इलाकों में पटाखा बेचने वाले दुकानदारों के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य कर दिया है। दुकानदारों को अग्निशमन दल का अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी), मनपा का लाइसेंस एवं पुलिस का लाइसेंस लेना पड़ेगा। मनपा ने पटाखा दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा है कि बिना तीनों लाइसेंस के पटाखा बेचने वाले



दुकानदारों पर एक हजार रुपये का जुमार्ना लगाया जाएगा। अगर 3 दिन के अंदर जुमार्ने की रकम अदा नहीं की गई, तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मनपा प्रशासन ने हाई कोर्ट के निर्देश का हवाला देते हुए कहा है कि दुकानदार पटाखा की दुकानें खुले मैदान में ही लगाएं और कोई भी दुकान आमने-सामने नहीं होनी चाहिए। मनपा ने सुरक्षा की दृष्टि से अग्निशमन विभाग एवं पुलिस प्रशासन के निर्देशों का पालन करने पर तो जोर दिया ही है, वहीं पटाखा बाजार में आगजनी की घटना से निपटने के लिए सभी दुकानदारों को अग्निशमन यंत्र लगाना आवश्यक है। मनपा प्रशासन ने केंद्र सरकार के स्वच्छ भारत अभियान सहित राज्य सरकार के स्वच्छ महाराष्ट्र अभियान को सफल बनाने के लिए शहर के नागरिकों से आतिशबाजी करके कचरा न करने का अनुरोध किया है। हाई कोर्ट के निर्देश पर मनपा ने दिवाली सहित अन्य आनंदोत्सव के दौरान तेज आवाज वाले पटाखे फोड़ने के लिए पूरी तरह से प्रतिबंधित किया है। मनपा ने तेज आवाज एवं धोखादायक पटाखों को बनाने एवं उन्हें बेचने पर पूरी तरह से रोक लगाते हुए रात में 10 बजे के बाद सुबह 6 बजे तक आतिशबाजी करने पर भी प्रतिबंध लगाया है।

## महाराष्ट्र में तैयार हो रहा मिसाइल कारखाना

**मुंबई।** औद्योगिक विस्फोटक निमार्ता सोलर इंडस्ट्रीज इंडिया लिमिटेड (एसआईआईएल) महाराष्ट्र में एक मिसाइल असेंबली फैक्ट्री बना रही है, जिसका कार्य अगले वर्ष जनवरी में पूरा होने की उम्मीद है। नागपुर की कंपनी एसआईआईएल ने 4 साल पहले रक्षा क्षेत्र में कदम रखा था। कंपनी ने निजी क्षेत्र में विस्फोटक एचएमएक्स निर्माण करने के लिए भारत का पहला संयंत्र स्थापित किया है। कंपनी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनीष नुवाल ने कहा, 'हम पहले से ही मिसाइल के प्रमुख पुर्जे जैसे वॉर हेड, प्रणोदक, विस्फोटक समेत अन्य चीजें बना रहे हैं। हमने सोचा है कि हमें एक कदम आगे बढ़ना चाहिए और सभी पुर्जों को जोड़कर पूरी मिसाइल निर्मित करने की सुविधा का निर्माण करना चाहिए।' उन्होंने कहा कि मिसाइल असेंबल कारखाना अंतिम चरणों में है और इसके जनवरी 2018 में पूरे होने की उम्मीद है। आपको बता दें कि यह मिसाइल कारखाने से देश को सुरक्षा के क्षेत्र में बड़ा लाभ मिलने वाला है। इस कारखाने में मिसाइल तैयार होंगे। इनका इस्तेमाल युद्ध की स्थिति में दुश्मन सेनाओं से निपटने के लिए किया जाएगा।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9769659975** कार्यकारी संपादक - सी हरीश
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान**, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# पश्चिम रेलवे ने बिना टिकट यात्रियों से वसूला सात करोड़ रुपये जुर्माना

## लगभग 1 लाख 83 हजार मामले पकड़े गए

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे द्वारा बिना टिकट व अवैध रुप से यात्रा करने वाले यात्रियों के खिलाफ सघन अभियान चलाया गया है। इस अभियान के अंतर्गत लगभग 1 लाख 83 हजार मामले पकड़े गये। इन मामलों के आरोपियों से 7 करोड़ 19 लाख रुपए जुमार्ने के रूप में वसूल किया गया है। जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 5.45 प्रतिशत अधिक है।

गौरतलब है कि लोकल को मुंबईकरों की दूसरी लाइफ लाइन कहा जाता है। लोकल से बड़ी संख्या में यात्रियों द्वारा यात्रा की जाती है। ऐसे में कई बार यात्रियों द्वारा बिना टिकट ही यात्रा की जाती है। ऐसे यात्रियों पर नियंत्रण लगाने के लिए बिना टिकट व अवैध रूप से यात्रा करने वालों के खिलाफ समय समय पर पश्चिम रेलवे द्वारा सघन अभियान चलाया जाता है। इस अभियान के अंतर्गत लगभग 1 लाख 83 हजार से भी अधिक मामले पकड़े गये। इन मामलों के आरोपियों से 7 करोड़ 19 लाख रुपए जुमार्ने के रूप में वसूल किया गया है। जो कि पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 5.45 प्रतिशत अधिक है। वहीं इस कार्रवाई के दौरान, इसके अतिरिक्त 876 भिखारियों तथा अनधिकृत फेरीवालों को रेल परिसर से बाहर कर जुमार्ना वसूल किया गया तथा 150 व्यक्तियों को जेल भेजा गया। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी रविंद्र भाकर द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार सितम्बिर, 2017 के दौरान, दलालों तथा असामाजिक तत्त्वों के विरुद्ध पश्चिम रेलवे द्वारा 218 जाँचें आयोजित की गईं।

इनके परिणामस्वरूप 175 व्यक्तियों को पकड़ा गया तथा रेल अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा चलाकर उनसे जुमार्ना प्राप्त किया गया। सितम्बर, 2017 के दौरान, सुरक्षिणी दस्ते द्वारा 12 वर्ष से अधिक उम्र के 55 स्कूली बच्चों को उपनगरीय ट्रेनों के महिला डिब्बों में सफर करते हुए पाया गया, जिन्हें वहाँ से हटाया गया। पश्चिम रेलवे द्वारा बिना टिकट यात्रा करने वालों के विरुद्ध नियमित रूप से ऐसे सघन अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाती रही है। अपने अधिकृत रेल उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने तथा बिना टिकट यात्रा में कमी लाने के उद्देश्य से पश्चिम रेलवे द्वारा हमेशा कारगर कदम उठाये जाते रहे हैं। पश्चिम रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा बिना टिकट यात्रा के कारण होने वाली राजस्व क्षति तथा इस तरह की अन्य अनियमितताओं पर कड़ी निगरानी रखी जाती है। पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों से अपील की गई है कि वे उचित टिकट खरीदकर सम्मान के साथ यात्रा करें।

## बोनस नहीं मिलने से भाऊबीज के दिन बेस्ट कर्मचारी करेंगे हड़ताल

**मुंबई।** दिवाली के दौरान बेस्ट कर्मचारियों को बोनस से वंचित रखा गया है। वहीं शिवसेना भी कर्मचारियों को बोनस दिलाने में नाकाम साबित हुई है। बोनस न मिलने से 21 अक्टूबर भाऊबीज के दिन बेस्ट कर्मचारियों द्वारा हड़ताल किये जाने का निर्णय बेस्ट संयुक्त कामगार कृति समिति ने लिया है। जिससे इस दिन मुंबईकरों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

गौरतलब है कि बेस्ट उपक्रम पर लगभग चार करोड़ रुपए का कर्ज है। जिससे बेस्ट की आर्थिक हालत खस्ता हो गयी है। बेस्ट को बचाने के लिए मनपा द्वारा आर्थिक मदद करने की गुहार को मनपा ने अनसुना कर दिया। बेस्ट प्रशासन द्वारा पूर्व में बेस्ट को मनपा में समाविष्ट करने, बेस्ट को आर्थिक अनुदान देने, समय पर वेतन देने आदि मांगों को लेकर भूख हड़ताल की गयी थी। किन्तु इस संदर्भ में मनपा प्रशासन द्वारा अनदेखी किये जाने से रक्षाबंधन के दिन हड़ताल किया गया था। इस दौरान शिवसेना पक्ष प्रमुख उद्धव ठाकरे की मध्यस्थता व आश्वासन के बाद हड़ताल वापस ले लिया गया था।

# अचानक पुणे फिल्म इंस्टीट्यूट पहुंचे अनुपम खेर



**मुंबई।** एक्टर अनुपम खेर सोमवार को अचानक पुणे के फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट (एफटीआईआई) के कैंपस पहुंच गए। अपनी कार से वे सीधे हॉस्टल के डाइनिंग रूम पहुंचे और स्टूडेंट्स के साथ खाना खाया। हाल ही में अनुपम को एफटीआईआई का अध्यक्ष बनाया गया है। खाना खाने के बाद अनुपम एक क्लास में गए और स्टूडेंट्स को एक्टिंग के टिप्स भी दिए। खेर ने कहा, स्टूडेंट्स को सुनने के बाद, मुझे उनके द्वारा उठाई मांगें काफी वाजिब लग रही है। एफटीआईआई इसे जल्द हल करने की कोशिश करेगा। उन्होंने आगे कहा कि सभी समस्याओं का समाधान एक या दो दिन में मुमकिन नहीं है। अनुपम ने एफटीआईआई जाने से पहले किसी को नहीं बताया था, लेकिन उन्होंने अपने ट्विटर अकाउंट पर लाइव किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैं उस संस्थान में जा रहा हूं, जहां मैंने 1978 में पढ़ाई की थी। वहां मेरे एक्टर बनने की नींव पड़ी थी।

### स्टूडेंट्स ने लिखा था खेर को ओपन लेटर

अनुपम के एफटीआईआई के अध्यक्ष के तौर पर चुने जाने के बाद एफटीआईआई के स्टूडेंट्स ने उन्हें एक लेटर लिखकर कई मुद्दों को उठाया था। लेटर में इंस्टीट्यूट की ओर से शुरू किए गए शॉर्ट टर्म कोर्स को लेकर विरोध जताया गया था। लेटर में लिखा था, हम ईमानदारी से मानते हैं कि एफटीआईआई की ओर से शुरू किए गए शॉर्ट टर्म कोर्स में फिल्ममेकिंग की जानकारी नहीं मिल। समाज के सभी तबकों के स्टूडेंट्स को एजुकेशन मुहैया कराने के लिए बनी सरकारी संस्था का मकसद पैसा कमाना नहीं हो सकता, लेकिन शार्ट टर्म कोर्स का मकसद कुछ ऐसा ही लग रहा है। लेटर के बारे में पूछे जाने पर अनुपम खेर ने मीडिया से कहा था कि वे स्टूडेंट्स से मिलकर उनके मुद्दों पर बातचीत करेंगे।

# भाऊबीज त्यौहार के दिन बेस्ट चलाएगी अधिक बसें



**मुंबई।** भाऊबीज त्यौहार को मनाने के लिए बड़ी संख्या में लोग रिश्तेदारों के घर जाते है। इन यात्रियों की सुविधा के लिए बेस्ट द्वारा अधिक बसें चलाने का निर्णय लिया गया है। जिसके अनुसार 21 तारीख शनिवार को लगभग 131 अधिक बसें सडकों पर दौड़ती नजर आएगी।

गौरतलब है कि दिवाली और भाऊबीज का त्यौहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। साथ ही भाऊबीज का त्यौहार मनाने बड़ी संख्या में लोग अपने रिश्तेदारों के घर जाते है यह त्यौहार 21 अक्टूबर को मनाया जाना है जिसे देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए बेस्ट प्रशासन द्वारा अतिरिक्त बसें चलाने का निर्णय लिया है। जिसके अनुसार मुंबई शहर, पूर्व-पश्चिम उपनगर, मीरारोड, भाईंदर, मैरेथॉन चौक (ठाणे), कोपरी (ठाणे), कैडबरी जंक्शन (ठाणे), रेतीबंदर-कलवा साथ ही वाशी, नवी मुंबई, कोपरखैराणे, नेरुल, ऐरोली, घणसोली गांव, सीबीडी बेलापुर आदि जगहों पर जानेवाले विविध मार्गों में लगभग 131 अधिक बसें चलायी जाएंगी। यात्रियों की मदद के लिए अधिक भीड़ वाले बस स्टॉप व रेलवे स्टेशन के बाहर के बस स्टॉप पर बस निरीक्षक और परिवहन अधिकारी की नियुक्ति की गयी है।

**आवश्यक सूचना**

पाठकों को सूचित किया जाता है कि **'दैनिक मुंबई हलचल'** के नाम पर अगर कोई भी व्यक्ति आपसे किसी भी तरह का 'व्यवहार' करता है तो इसकी पुष्टि के लिए इस नंबर पर संपर्क कर लें। **(9619102478)**

**आवश्यक है**

**'दैनिक मुंबई हलचल'** अखबार के लिए दक्षिण मध्य मुंबई, बांद्रा, कुर्ला, गोवंडी, अंधेरी, मालाड, दहिसर, ठाणे, मीरा रोड इत्यादि अनेक क्षेत्रों से अंशकालीन संवाददाताओं की आवश्यकता है तुरंत संपर्क करें कॉल करें समय (3 से 6 बजे) **(9619102478)**

# आदित्य पंचोली ने कंगना पर दर्ज कराया मानहानि का केस



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता आदित्य पंचोली और उनकी पत्नी जरीना वहाब ने कंगना रनोट के खिलाफ आपराधिक मानहानि का मामला दर्ज कराया है। अंधेरी की मजिस्ट्रेट अदालत में कंगना की बहन रंगोली के खिलाफ भी केस दर्ज कराया गया है। पंचोली ने कहा कि हमने कंगना और रंगोली के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कराया है। इसके अलावा हमने सिविल मामला दर्ज कराने का विकल्प भी खुला रखा है। उन्होंने कहा कि मैं महिलाओं के साथ मारपीट करने वाला या दुर्व्यवहार करने वाला नहीं हूं। इसके बावजूद बिना किसी सुबूत के उन्होंने जिस तरह से मेरे खिलाफ आरोप लगाए है, इसके बाद मैं चुप नहीं बैठूंगा।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### भाजपा के बोल वचन

**लगता** है भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को तनिक भी ऐसा महसूस नही हो रहा है कि महाराष्ट्र के नांदेड़ मनपा चुनाव व गुरूदासपुर के उपचुनाव में भाजपा को भारी शिकस्त भाजपा के मिशन 2019 के लिए खतरे की घंटी है। क्योंकि इसके नेताओं को इनके बयानों से भले ही आत्म संतुष्टि मिलती हो लेकिन जनता पर इसका बुरा असर हो रहा है। पहले केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने केरल की लेफ्ट सरकार के खिलाफ विवादित बयान फिर केरल में ही भाजपा की राष्ट्रीय महासचिव सरोज पांडेय का घर में घुसकर आंखें निकाल लेने की उद्घोषणा और अब भाजपा के मंत्री संगीत सोम द्वारा दुनिया के आठ अजूबों में से एक ताजमहल को भारत के लिए कलंक गाथा बताना निःसंदेह भाजपा नेताओं के लिए कलंक की बात है। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2019 में भाजपा की जीत और अपनी सरकार बनने के बारे में इतने आश्वस्त हैं कि उन्होंने अब अपनी पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं को 2019 नही 2024 पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कह दिया है। ऐसा लगता है कि जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के उस बयान को उन्होंने अब नोटिस किया जिसमें उमर अब्दुल्ला ने कहा था कि विजयी पार्टियों को 2019 की नही 2024 के लिए रणनीति बनानी चाहिए। यकीनन उमर अब्दुल्ला ने अपना यह बयान तब दिया था जब देश में भाजपा की सुनामी थी। जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब लपक लिया है। लेकिन जिस तरह पेड़ पर उम्मीद से ज्यादा फल लग जाने पर पेड़ की डालियां झुक जाया करती हैं उसी तरह भाजपा में भी ढेर जोगी मठ उजाड़ की स्थिति बनती दिखाई दे रही है। इससे दलों के विश्वासघाती नेताओं को जिस भाजपा का अभय वरदान मिल रहा है, वह भाजपा के लिए खुदकुशी करने जैसा कदम है। ऊपर से बेरोजगारी, महंगाई, हत्या, गैंगरेप, डाका और लूट की बढ रही घटनाओं से भाजपा की लोकप्रियता में काफी गिरावट आ गई है। ऐसे में भाजपा के लिए जरूरी है कि वह अपना आत्म मंथन करें और अपने नेताओं, मंत्रियों के निरर्थक बोल वचनों पर अंकुश लगाए।

**- दिलशाद एस. खान**

# धनतेरस व धन्वन्तरी पूजा

**धन्वन्तरी** जब प्रकट हुए थे तो उनके हाथो में अमृत से भरा कलश था। भगवान धन्वन्तरि चूंकि कलश लेकर प्रकट हुए थे इसलिए ही इस अवसर पर बर्तन खरीदने की परम्परा है। कहीं कहीं लोकमान्यता के अनुसार यह भी कहा जाता है कि इस दिन धन (वस्तु) खरीदने से उसमें तेअरह गुणा वृद्धि होती है। इस अवसर पर लोग धनिया के बीज खरीद कर भी घर में रखते हैं। दीपावली के बाद इन बीजों को लोग अपने बाग-बगीचों में या खेतों में बोते हैं। धनतेरस के दिन चांदी खरीदने की भी प्रथा है। अगर सम्भव न हो तो कोइ बर्तन खरिदें। इसके पीछे यह कारण माना जाता है कि यह चन्द्रमा का प्रतीक है जो शीतलता प्रदान करता है और मन में संतोष रूपी धन का वास होता है। संतोष को सबसे बड़ा धन कहा गया है। जिसके पास संतोष है वह स्वस्थ है सुखी है और वही सबसे धनवान है। भगवान धन्वन्तरि जो चिकित्सा के देवता भी हैं उनसे स्वास्थ्य और सेहत की कामना के लिए संतोष रूपी धन से बड़ा कोई धन नहीं है। लोग इस दिन ही दीपावली की रात लक्ष्मी गणेश की पूजा हेतु मूर्ति भी खरीदते हें। धनतेरस की शाम घर के बाहर मुख्य द्वार पर और आंगन में दीप जलाने की प्रथा भी है।

इस प्रथा के पीछे एक लोक कथा है, कथा के अनुसार किसी समय में एक राजा थे जिनका नाम हेम था। दैव कृपा से उन्हें पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई। ज्योंतिषियों ने जब बालक की कुण्डली बनाई तो पता चला कि बालक का विवाह जिस दिन होगा उसके ठीक चार दिन के बाद वह मृत्यु को प्राप्त होगा। राजा इस बात को जानकर बहुत दुखी हुआ और राजकुमार को ऐसी जगह पर भेज दिया जहां किसी स्त्री की परछाई भी न पड़े। दैवयोग से एक दिन एक राजकुमारी उधर से गुजरी और दोनों एक दूसरे को देखकर मोहित हो गये और उन्होंने गन्धर्व विवाह कर लिया। विवाह के पश्चात विधि का विधान सामने आया और विवाह के चार दिन बाद यमदूत उस राजकुमार के प्राण लेने आ पहुंचे। जब यमदूत राजकुमार प्राण ले जा रहे थे उस वक्त नवविवाहिता उसकी पत्नी का विलाप सुनकर उनका हृदय भी द्रवित हो उठा परंतु विधि के अनुसार उन्हें अपना कार्य करना पड़ा। यमराज को जब यमदूत यह कह रहे थे उसी वक्त उनमें से एक ने यमदेवता



से विनती की हे यमराज क्या कोई ऐसा उपाय नहीं है जिससे मनुष्य अकाल मृत्यु से मुक्त हो जाए। दूत के इस प्रकार अनुरोध करने से यमदेवता बोले हे दूत अकाल मृत्यु तो कर्म की गति है इससे मुक्ति का एक आसान तरीका मैं तुम्हें बताता हूं सो सुनो।

कार्तिक कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी रात जो प्राणी मेरे नाम से पूजन करके दीप माला दक्षिण दिशा की ओर भेट करता है उसे अकाल मृत्यु का भय नहीं रहता है। यही कारण है कि लोग इस दिन घर से बाहर दक्षिण दिशा की ओर दीप जलाकर रखते हैं। धनतेरस पर सभी महिलाओं को रजत लेख की अपनी पसंद खरीदने के लिए गहने या चांदी की दुकानों पर खरीदारी करना व्यस्त हो जाता है। लेकिन बहुत व्यस्त कार्यक्रमों और काम के कारण कई महिलाओं को अपने पसंदीदा आइटम की खरीदारी करने के लिए समय की स्वतंत्रता नहीं है। इसलिए उनके लिए ऑनलाइन खरीदारी की अग्रिम तकनीक का विकल्प उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए आसान होता है धार्मिक खरीदारी पोर्टल, जो राधा कृष्ण आध्यात्मिक दुकान जैसे धनतेरस के लिए शुद्ध रजत लेखों की पेशकश करते हैं। और कई बार 21 वीं शताब्दी की महिलाओं की मदद करने के लिए अपने समय की सुविधा और धनतेरस और दिवाली का आनंद लेने वाले कार्यक्षेत्रों का आनंद उठाया जा सकता है।

धन्वन्तरि देवताओं के चिकित्सक हैं और चिकित्सा के देवता माने जाते हैं इसलिए चिकित्सकों के लिए धनतेरस का दिन बहुत ही महत्व पूर्ण होता है। धनतेरस के संदर्भ में एक लोक कथा प्रचलित है कि एक बार यमराज ने यमदूतों से पूछा कि प्राणियों को मृत्यु की गोद में सुलाते समय तुम्हारे मन में कभी दया का भाव नहीं आता क्या। दूतों ने यमदेवता के भय से पहले तो कहा कि वह अपना कर्तव्य निभाते है और उनकी आज्ञा का पालन करते हें परंतु जब यमदेवता ने दूतों के मन का भय दूर कर दिया तो उन्होंने कहा कि एक बार राजा हेमा के ब्रह्मचारी पुत्र का प्राण लेते समय उसकी नवविवाहिता पत्नी का विलाप सुनकर हमारा हृदय भी पसीज गया लेकिन विधि के विधान के अनुसार हम चाह कर भी कुछ न कर सके। एक दूत ने बातों ही बातों में तब यमराज से प्रश्न किया कि अकाल मृत्यु से बचने का कोई उपाय है क्या। इस प्रश्न का उत्तर देते हुए यम देवता ने कहा कि जो प्राणी धनतेरस की शाम यम के नाम पर दक्षिण दिशा में दीया जलाकर रखता है उसकी अकाल मृत्यु नहीं होती है। इस मान्यता के अनुसार धनतेरस की शाम लोग आँगन मे यम देवता के नाम पर दीप जलाकर रखते हैं। इस दिन लोग यम देवता के नाम पर व्रत भी रखते हैं। धनतेरस के दिन दीप जलाककर भगवान धन्वन्तरि की पूजा करें। भगवान धन्वन्तरी से स्वास्थ और सेहतमंद बनाये रखने हेतु प्रार्थना करें। चांदी का कोई बर्तन या लक्ष्मी गणेश अंकित चांदी का सिक्का खरीदें। नया बर्तन खरीदे जिसमें दीपावली की रात भगवान श्री गणेश व देवी लक्ष्मी के लिए भोग चढ़ाएं।

# जातिवाद की कीमत चुकाता विकास

**दलित** उत्पीड़न हो या महिलाओं के साथ भेदभाव, इसका सीधा संबंध विकास से नहीं है। पिछड़े इलाकों में भी भेदभाव कम और विकसित क्षेत्रों में ज्यादा भी हो सकता है। अगर हम हाल में घटी कुछ घटनाओं का विश्लेषण करें तो यह बात प्रमाणिकता से कही जा सकती है। बीते दिनों ही गुजरात में दो घटनाएं हुईं। पहली, गांधीनगर के कालोल तालुका के लिंबोदरा गांव के रहने वाले 24 वर्षीय पीयूष परमार को कथित तौर पर इंग्लिश स्टाइल में मूंछ रखने पर पीटा गया है। दूसरी, गुजरात के ही आणंद जिले के बदरनिया में एक 21 वर्षीय दलित जयेश सोलंकी का कथित तौर पर गरबा डांस देखने जाना पटेल समाज के लोगों को रास नहीं आया और उसे मार-मारकर मौत के घाट उतार दिया गया।

यह बात सर्वविदित है कि देश में गुजरात विकसित राज्यों में से एक है। ऐसे में कहा जा सकता है है कि जो लोग आर्थिक रूप से संपन्न और शिक्षित हैं, वे भी अवसर मिलने पर भेदभाव करने से चूकते नहीं है। एक प्रश्न जो सबसे ज्यादा चिंतित करता है, वह यह है कि क्या जिनके साथ भेदभाव होता है, वही उसका प्रतिरोध करें? क्या ऐसी घटनाएं सिर्फ देश के कमजोर वर्ग को ही प्रभावित करती हैं? क्या इसका संबंध देश के विकास से कुछ भी नहीं है? क्या सरकार द्वारा चलाए गए तमाम अभियान जैसे-स्वच्छ भारत आदि पर इसका प्रतिकूल असर नहीं पड़ता? यह दावे से कहा जा सकता है कि जो मानसिकता इन्हें पिछड़े और दबे के रूप में देखना चाहती है, वही देश को भी आगे नहीं जाने देना चाहती है। जाहिर है कि यह राष्ट्रीय विषय है न कि केवल सामाजिक न्याय या दबे-कुचले जनप्रतिनिधियों का ही। देश में महिलाओं की आबादी लगभग आधी है और जब तक भेदभाव रहेगा तब तक उनकी भागीदारी शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आर्थिक क्षेत्र में कम ही रहेगी। इसका सीधा असर सभी आर्थिक क्षेत्रों में पड़ेगा, चाहे वह कृषि हो या उत्पादन या सेवा इत्यादि। अर्थशास्त्र का नियम भी कहता है कि यदि समाज के किसी वर्ग की क्रयशक्ति कम होती है तो वस्तुओं की खरीदारी भी कम होती है और उस देश का उत्पादन क्षेत्र ही नहीं, बल्कि अन्य क्षेत्र जैसे सेवा इत्यादि भी समान रूप से प्रभावित होते हैं।

देश की आजादी के 70 साल हो गए, फिर भी हमारी सरकारें अब तक यह बात नहीं सोच पाई हैं कि जितना शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, परिवहन, जहाजरानी इत्यादि में सुधार और बदलाव की जरूरत है, उतना ही जातिवादी समाज में भी। वास्तव में देश की तरक्की जल, थल, वायु, नदी और समुद्र से ही नहीं होती, बल्कि नागरिक करते हैं। जापान और कोरिया आदि देश ऐसे हैं, जहां पर उपजाऊ जमीन नाम-मात्र की है। समतल जमीन भी नहीं है और लगभग 80 प्रतिशत भूमि कंकरीली, पथरीली और पहाड़ी है। 40 साल पहले दक्षिण कोरिया भी विकास के मामले में हमारे ही साथ था, लेकिन आज वह कई गुना आगे निकल गया है। अगर दक्षिण कोरिया के साथ भारत की तुलना करें तो हम पाते हैं कि साल 2016 में जहां उसकी प्रति व्यक्ति आय 27,539 डॉलर थी जबकि उसकी तुलना में हमारी सिर्फ 1704 डॉलर। मेरा मानना है कि देश में जातिवादी मानसिकता के लोग अगर यह पढ़ लें तो शायद उनके हृदय में कुछ परिवर्तन हो जाए। इन देशों में क्या मूंछ रखने पर एक नागरिक दूसरे नागरिक को सजा देता है या गरबा देखना जुल्म है? क्या अब भी हम इसे कानून व्यवस्था से जोड़कर देखते रहेंगे? इन घटनाओं से हमारी पढ़ाई-लिखाई पर भी प्रश्नचिन्ह लग जाता है। हमारे देश में लाखों कॉलेज और स्कूल हैं। हजारों इंजीनियरिंग कॉलेज और सैकड़ों विश्वविद्यालय हैं। तमाम टेलीविजन चैनल और अखबार और उन्हें चलाने वाले हजारों पत्रकार और बुद्धिजीवी हैं। लाखों शिक्षक, लेखक और चिंतक हैं। शिक्षा का दायरा और बुद्धिजीवियों की संख्या भी हमारे यहां इतनी कम नहीं है। मान लिया जाए कि राजनीति नाकाम हुई है, लेकिन बुद्धिजीवी तो और भी असफल रहे हैं। उधर कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में भी छात्र छेड़खानी और भेदभाव में दूसरों से कम नहीं हैं। ऐसे में स्पष्ट है कि ये शिक्षक भी छात्रों की मानसिकता को दुरुस्त करने में सफल नहीं हो सके हैं? किसी विषय का ज्ञान रखना और छात्र परीक्षा में पास हो जाए इसका यह मतलब नहीं कि वह शिक्षित है। जितने लोग स्कूल और कॉलेज की शिक्षा प्राप्त कर चुके हैं, अगर वे यह बात समझ सकते कि अपनी गंदगी को खुद साफ करना है तो अब तक देश बहुत हद तक स्वच्छ हो चुका होता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्वच्छ भारत अभियान चलाने की आवश्यकता न होती।

# एक झटके में चली गई शिल्पा की जान



**मुंबई।** शनिवार को नवी मुंबई में एक महिला स्कूटी सवार की सड़क हादसे में डेथ हो गई थी। अब इस घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। इसमें महिला के ऊपर से एक क्रेन गुजरती हुई नजर आ रही है। महिला ऑफिस से घर वापस आ रही थी। इसी दौरान सड़क पर उसकी स्कूटी फिसल गई और पीछे से आ रही क्रेन ने उसे कुचल दिया। दुर्घटना के बाद मौके से फरार होने की कोशिश कर रहे ड्राइवर को लोगों ने पकड़ पुलिस के हवाले कर दिया। नवी मुंबई पुलिस के मुताबिक, हादसा खारघर के उत्सव चौक के पास हुआ है। इस घटना का वीडियो चौराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। इस हादसे में खारघर की रहने वाली शिल्पा पुरी की डेथ हो गई।

शिल्पा एक बड़ी कॉरपोरेट कंपनी में काम करती थीं। शनिवार शाम को वह स्कूटी से वापस अपने घर आ रही थीं। इसी दौरान उत्सव चौक के पास सड़क पर बने खड्डों के कारण उनकी स्कूटी फिसल गई और वह सड़क पर जा गिरी। शिल्पा जैसे ही सड़क पर गिरी पीछे से आ रही एक क्रेन ने उन्हें कुचल दिया। क्रेन के दोनों टायर उनके ऊपर से गुजर गए और शिल्पा ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वीडियो में साफ नजर आता है कि कैसे शिल्पा लेन चेंज करने के चक्कर में गिर पड़ती हैं और उनपर से क्रेन गुजर जाती है।

## फरार हुए ड्राइवर को लोगों ने पकड़ा

*इस घटना के बाद क्रेन का ड्राइवर वहां रुकने की जगह मौके से फरार हो गया। कुछ स्थानीय लोगों ने उसे भागते हुए देखा और दौड़ा कर उसे पकड़ लिया। सीनियर इंस्पेक्टर दिलीप काले ने बताया, शुरूआती जांच के आधार पर हमने लापरवाही से क्रेन चलाने के आरोप में ड्राइवर को अरेस्ट कर लिया है। हालांकि, इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि सड़क पर बने पैच की वजह से उनकी स्कूटी फिसली और क्रेन उनके ऊपर से गुजर गई। इस घटना का वीडियो सामने आने के बाद एनजीओ महाराष्ट्र शिव वाहतुक सेना के जनरल सेक्रेट्री विनय मोरे ने इस वीडियो को अपने फेसबुक पर पोस्ट करते हुए लिखा है कि इस हादसे का जितना जिम्मेदार वह ड्राइवर है, उतना ही जिम्मेदार नगर निगम और इस रोड को बनाने वाला कॉन्ट्रैक्टर है। वीडियो सामने आने के बाद लोग अब जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।*

## दिखा लोगों का बेरहम चेहरा

*इस हादसे के दौरान नवी मुंबई के लोगों के बेरहम चेहरा देखने को मिला। क्रेन से कुचल जाने के बाद शिल्पा काफी देर तक सड़क पर पड़ी रही और कोई उनके पास तक नहीं गया। कुछ ही सेकंड में 30 से ज्यादा गाड़ियां मौके से गुजर गईं और कोई रुक कर उनके पास नहीं आया। कुछ देर बाद किसी ने पुलिस को फोन कर इसकी जानकारी दी और एक पुलिसवाला मौके पर पहुंचा और शव को कब्जे में लेकर शिल्पा के घर वालों को इसकी जानकारी दी।*

# कलाम के नाम पर स्कूल का नाम

**मुंबई।** घाटकोपर स्थित नॉर्द मुंबई वेलफेयर सोसायटी (एनएमडब्ल्यूएस) संचालित स्कूल का नाम रविवार को बदलकर एसआईईएस डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम मेमोरियल हाईस्कूल रख दिया गया। यह नामकरण 87 विद्यार्थियों की उपस्थिति में हुआ, क्योंकि पूर्व राष्ट्रपति का रविवार को 87वां जन्मदिन था। एनएमडब्ल्यूएस की तरफ से संचालित इस स्कूल में 3,250 विद्यार्थी हैं। इस स्कूल का साउथ इंडियन एजुकेशनल सोसायटी (एसआईईएस), माटुंगा के साथ विलय कर दिया गया है। एसआईईएस मुंबई में कई शैक्षिक संस्थानों का संचालन करती है, जिनमें 25,000 से अधिक विद्यार्थी पढ़ते हैं। समारोह में उपस्थित 87 विद्यार्थियों ने स्कूल के प्रवेश द्वार पर कलाम की एक आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया।

# लिफ्ट में फंसकर लड़की का हाथ कटा

**ठाणे।** मुंबई के ठाणे इलाके में लिफ्ट में फंसकर 8 साल की एक लड़की का हाथ कट जाने के बाद हाउजिंग सोसायटी के खिलाफ आपराधिक लापरवाही का मुकदमा दर्ज किया गया है। यह घटना मंगलवार को उस समय हुई जब बोलीवली पाडा की रहने वाली अर्चना तले उन्नाथी ग्रीन्स सोसायटी में ट्युइशन लेने गई थी। कसरवादवली पुलिस स्टेशन के सीनियर इंस्पेक्टर डी धोले ने कहा, 'अर्चना सोसायटी के तीसरे मंजिल पर एक फ्लैट में ट्युइशन लेने के लिए गई थी। ट्युइशन के दौरान वह खिड़की के पास बैठी थी, तभी उसकी पेन नीचे गिर गई। अर्चना ने अपने टीचर को बताया कि उसकी पेन नीचे गिर गई और वह उसे लेने जा रही है। अर्चना लिफ्ट से ग्राउंड फ्लोर पर गई और जब वह निकल रही थी, तभी उसकी एक चप्पल ग्रिल में फंस गई। पुलिस ने बताया कि अर्चना ने चप्पल निकालते समय ग्रिल पर अपना हाथ रखा हुआ था, तभी किसी ने ऊपरी मंजिल से लिफ्ट की बटन दबा दी। लिफ्ट ऊपर जाने लगी।



इससे अर्चना के कुहनी तक हाथ कट गए। हादसे की सूचना पाकर टीचर ने अर्चना के चाचा को इसके बारे में जानकारी दी। लड़की को अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने कहा कि कटे हुए हाथ को अब जोड़ा नहीं जा सकता है। पुलिस ने आईपीसी की धारा 338 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## रोशनी

आओ फैलाएं रोशनी
मिटा दे रुह की गंदगी
जगमगाए दिल का कोना
बहे प्यार का झरना

मन से मन का हो मिलन
ना हो कोई द्वेष का चिन्ह
चलो मिटा दें यह फासले
एक दूजे का दर्द बांट लें

उम्मीद की जलाए ज्योत
भस्म कर दे सारे प्रतिशोध
मुक्त हो जाए अंधेरों को चीर
कब तक रहेंगे जंजीरों में आखिर

है सब से यही निवेदन
ना हो धुआं और प्रदूषण
रोके भू को बनने से कानन
हर्ष भरा हो यह वर्ष नूतन

ले आए खुशी की लहर
उत्साह भरी फिर हो पहर
हो शत्रुता का दहन
मानवता का हो आगमन

आओ फैलाएं रोशनी
मिटा दे रुह की गंदगी
जगमगाए हर एक कोना
बहे प्यार का झरना

**- अंजना परमार**
**एस.वी.पी. स्कूल**
**(के.ई.एस.) कांदिवली**

(पृष्ठ 1 का शेष)

**बेगानी शादी में अबदुल्ला दीवाना**

भाजपा ने इस मामले में ईडी जांच की मांग की है। रविवार को राज ठाकरे ने सीधे तौर पर उद्धव ठाकरे पर हमला बोलते हुए मुंबई महानगर पालिका में मनसे के सात में से छह पार्षदों को खरीदने का आरोप लगाया। उन्होंने हर पार्षद को पांच करोड़ रुपए में खरीदने का दावा किया। इस मामले को संज्ञान में लेते हुए मुंबई से भाजपा सांसद किरीट सोमैया ने सोमवार को ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) के ज्वाइंट डायरेक्टर सत्यव्रत कुमार को पत्र लिखकर शिवसेना में व्याप्त भ्रष्टाचार, मनी लॉन्ड्रिंग और कई अन्य अलोकतांत्रिक गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उद्धव ठाकरे पर हमला बोलते हुए राज ठाकरे ने यह भी कहा था कि उनके इसी निचले स्तर की राजनीति के कारण उन्होंने पार्टी छोड़ी थी। वहीं उन्होंने आगाह करते हुए यह भी कहा, 'राज्य के लोग इसे कभी नहीं भूलेंगे और मैं भी इसे हमेशा याद रखूंगा।' इसके साथ ही राज ठाकरे ने उन सभी रिपोर्टों को खारिज कर दिया, जिसमें यह कहा जा रहा था कि वह शिवसेना के साथ एक गुप्त राजनीतिक सौदे में शामिल हो रहे हैं। राज ठाकरे ने कहा, 'अगर मैं ऐसा चाहता तो मैं सभी सात पार्षदों को भेज देता। शिवसेना मेरे खिलाफ झूठी खबरें फैला रही है।'

**बेंगलुरु में ब्लास्ट**

उसके परिवार में उसकी देख-रेख करने वाला कोई नहीं बचा है। ऐसे में, अब राज्य सरकार ने उसे गोद लेने का फैसला किया है। खबर के मुताबिक, बिल्डिंग्स एलपीजी सिलेंडर में ब्लास्ट से हुई हैं। हालांकि, सरकार की ओर से आए बयान में कहा गया है कि वहां रखे सिलेंडर में गैस नहीं है। माना जा रहा है कि यह हादसा एलपीजी सिलेंडर में ब्लास्ट की वजह से हुआ है। ब्लास्ट एक दो मंजिला इमारत में हुआ। यह इतना जबरदस्त था कि इसकी चपेट में आसपास के तीन और मकान आ गए। मारे गए छह लोगों में से पांच उसी बिल्डिंग में रहते थे, जिसमें ब्लास्ट हुआ। मौके पर रेस्क्यु ऑपरेशन चलाया जा रहा है। मलबे में अभी कुछ और लोग दबे हो सकते हैं, ऐसे में मौत का आकंड़ा बढ़ने की आशंका है। मलबे से निकाली गई बच्ची को सरकार गोद लेगी। राज्य के डेवलपमेंट मिनिस्टर केजे जॉर्ज ने यह एलान किया है। कर्नाटक के गृह मंत्री रामलिंगा रेड्डी ने कहा, मकान में रखे एलपीजी सिलेंडर्स में गैस नहीं थी, इसलिए यह तय नहीं है कि सिलेंडर में ब्लास्ट की वजह से मकान गिरे हैं। मंत्री केजे जॉर्ज ने हादसे में मारे गए लोगों की फैमिली को 5-5 लाख रुपए मुआवजा देने का एलान किया है। इसके अलावा सरकार हादसे में जख्मी हुए लोगों को 50-50 हजार रुपए की मदद देगी।

**गुजरात में मोदी की हुंकार**

मैं अमित भाई को बधाई देता हूं। बीजेपी का विजय ध्वज उन्होंने देश के हर कोने में लहराया है। लोकसभा में यूपी के नतीजों ने चौंकाया था। अभी हमने वहां असेंबली इलेक्शन जीता। मैं कहता हूं कि अब 2019 की छोड़ो, 2024 पर ध्यान दो। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, जिस पार्टी ने एक परिवार से इतने नेता दिए, लेकिन, उस पार्टी की भाषा इतनी नीचे गिर सकती है। इसकी वजह क्या है? उन्होंने सकारात्मकता का सहारा छोड़ दिया है, नकारात्मकता को ओढ़ लिया है। जब-जब गुजरात का चुनाव आता है तो उन्हें बुखार ज्यादा आता है। उनको गुजरात आंख में चुभता आया है। इस पार्टी ने वल्लभ भाई और उनकी बेटी मणिबेन पटेल के साथ क्या व्यवहार किया। मोरारजी देसाई के बारे में क्या फैलाया। वो क्या पीते हैं, क्या नहीं पीते हैं। मोराराजी भाई को नेस्तनाबूद करने के लिए उन्होंने-उन्होंने क्या-क्या नहीं किया। मोदी ने कहा- बाबूभाई जसभाई की सरकार को उन्होंने तोड़ दिया। गुजरात वाले को पहले बलि चढ़ाते थे। माधवजी भाई सोलंकी को बोफोर्स मामले में घर भेज दिया गया। ये परिवार, ये पार्टी मौका नहीं छोड़ती। मैं सीएम था। कैसे-कैसे षडयंत्र किए। वे सोचते थे कि जब तक अमित जी को जेल में नहीं डालेंगे, तब तक मोदी को भी वहां नहीं भेज सकते। मोदी ने कहा- पालीतणाका डैम की नहर नहीं बना पाए वो। हमने प्रधानमंत्री नहर सिंचाई योजना शुरू की। कांग्रेस की सरकारों में 40 साल से प्रोजेक्ट लटके पड़े थे। काम पूरा करना इनके स्वभाव में नहीं है। मैं गुजरात में था तो नागरिकों से सीधा संवाद करता था। दिल्ली में भी सभी सचिवों से मुलाकात करता हूं। पुराने प्रोजेक्ट निकलवाता हूं। संसद में प्रोजेक्ट तो पास कर दिए। लेकिन 40 साल तक वो ऐसे ही पड़े रहे। 12 लाख करोड़ के प्रोजेक्ट अब हमारी सरकार पूरे कर रही है। सरदार सरोवर की वजह से वो चिढ़ गए हैं। झूठ की भी कोई हद होती है। गुजरात के बच्चे-बच्चे को पता है कि नर्मदा के लिए हमने कितनी कुर्बानी दी। नरेंद्र मोदी ने कहा, विकास के मुद्दे पर कांग्रेस भागती रही है। मेरी बड़ी इच्छा थी कि कांग्रेस कभी विकास के मुद्दे पर चुनाव लड़े। लेकिन, वो जातिवाद या बाकी मुद्दों को उठाते रहे। मुझे आशा थी कि इस बार कांग्रेस विकास के मुद्दे पर चुनाव लड़ेगी। लेकिन, ये भी नहीं हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, लोग बताते हैं कि नेहरू जी जब प्रधानमंत्री थे तो एक बार गुजरात की एक संस्था ज्योति संघ के कार्यक्रम में आए। हम तो उस वक्त छोटे थे। लोग बताते हैं कि नेहरू जी जब बोलने खड़े हुए तो बार-बार ज्योति संघ की बजाए जनसंघ बोल रहे थे। यानी जनसंघ का डर उसी वक्त से था।







दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर 7

# फुलझड़ी से लेकर रॉकेट तक समान रूप से घातक

नई दिल्ली स्थित थिंक टैंक द एनर्जी एंड रिसोर्सिस इंस्टीच्यूट अथवा टी.ई.आर.आई. के महानिदेशक अजय माथुर के अनुसार गत वर्ष दिल्ली को 10 दिनों तक खतरनाक हद तक विषैले तत्वों से युक्त जिस गहरे धुंधलके ने अपनी लपेट में ले रखा था उसमें पटाखे चलाने का बहुत बड़ा योगदान था। उनके अनुसार सुप्रीमकोर्ट का प्रतिबंध इस बात को यकीनी बनाएगा कि पिछले वर्षों के विपरीत दिल्ली दीवाली के बाद स्वच्छ हवा के लिए नहीं तरसेगी और इस बार सांस की बीमारियों से पीड़ितों को इस अवधि के दौरान शहर छोड़ कर कहीं और जाने के बारे में सोचने की जरूरत नहीं पड़ेगी।



उल्लेखनीय है कि मामूली फुलझड़ी से लेकर अधिक व्यापक राकेट तक में मौजूद मिश्रण को जलाने के लिए आक्सीजन पैदा करने के लिए आक्सीडाइटिंग एजैंटों की जरूरत पड़ती है। इसी से रिएक्शन की गति और रंग निर्धारण होता है तथा मिश्रण आपस में जुड़ा रहता है। मोटे तौर पर पटाखों आदि के निर्माण में नाइट्रेट, सल्फर, चारकोल, एल्यूमीनियम, टाइटेनियम, तांबा, स्ट्रोन्शियम, बैरियम, डैक्सट्रिन एवं पैरोन आदि का इस्तेमाल किया जाता है। विशेष रूप से दीवाली के अवसर पर चलाए जाने वाले पटाखों की भारी मात्रा को देखते हुए क्रियात्मक रूप से शरीर का प्रत्येक अंग जोखिम पर होता है। फैसला सुनाने वाले मान्य न्यायाधीशों न्यायमूर्ति मदन बी.लोकुर तथा दीपक गुप्ता ने अपने फैसले के दौरान टिप्पणी करते हुए कहा कि दीवाली मनाए जाने के पांच दिनों के भीतर प्रतिदिन दिल्ली में 10 लाख किलो पटाखे चलाए जाते हैं।

सुप्रीमकोर्ट में अपने हल्फिया बयान में देश के सर्वोच्च प्रदूषण नियामक सैंट्रल बोर्ड आफ पॉल्यूशन कंट्रोल (सी.पी.सी.बी.) ने अपने विश्लेषण में कहा कि आमतौर पर 4 तरह के पटाखे इस्तेमाल किए जाते हैं जिनमें एटम बम, चीनी पटाखे, मैरून तथा गारलैंड क्रैकर शामिल हैं। बोर्ड ने अपने विश्लेषण में पाया कि इनमें इस्तेमाल किए जाने वाले 4 मुख्य घटकों में जो चीजें शामिल हैं उनमें पटाखों से चमकीली लपटें एवं सफेद चिंगारियां निकालने के लिए एल्यूमीनियम पाऊडर के अलावा सल्फर, पोटाशियम नाइट्रेट तथा बैरियम नाइट्रेट का इस्तेमाल किया जाता है।

सी.पी.सी.बी. के वैज्ञानिकों के अनुसार ये पदार्थ पटाखे चलाने पर पैदा होने वाले स्मॉग का मुख्य स्रोत हैं जो कई दिनों तक दीवाली के बाद भी राजधानी को अपनी लपेट में लिए रखती है। इस स्मॉग में सल्फर आक्साइड तथा नाइट्रोजन आक्साइड के अलावा सिक्का, पारा, स्ट्रोंशियम, लिथियम एवं एल्यूमीनियम जैसी भारी धातुओं से युक्त अन्य पदार्थों का अत्यंत उच्च स्तर होता है। लेकिन हर कोई इस बात पर विश्वास नहीं करता कि राज्य सरकारों ने इस मुद्दे को उतनी गंभीरता से लिया है जितनी गंभीरता से इसे लिया जाना चाहिए।

सरकार को पटाखों से होने वाले नुक्सान का अधिक आक्रामक ढंग से प्रचार करने की आवश्यकता है क्योंकि ज्यादातर लोग इस बात से अनजान हैं कि पटाखों में क्या कुछ पड़ा हुआ होता है और ये उन्हें किस प्रकार नुक्सान पहुंचाता है। लोगों तक यह जानकारी पहुंचाने की जरूरत है।

# पशु पक्षियों के लिए स्वर्गीय सरदार सुरजन सिंह मेमोरियल ट्रस्ट ने दान किए 2 एम्बुलेंस

मशहूर समाजसेवक स्वर्गीय सरदार सुरजन सिंह आहूजा की याद में उनके बेटे और आल इंडिया एन्टी टेररिस्ट फ्रंट के मुम्बई अध्यक्ष एस पी आहूजा और उनके परिवार की ओर से बेजुबान पशु और पक्षियों की मदद के लिए 2 एम्बुलेंस स्टार पेट नामक संस्था को दान किया गया। इस मौके पर स्थानीय विधायक राज पुरोहित, नगरसेवक अजय पुरोहित, महाराष्ट्र प्रवक्ता अतुल शाह, मेमन जमात के इकबाल मेमन, कपड़ा व्यापारी संगठन के सदस्य सहित कई मशहूर हस्तियों ने शिरकत की। इस एम्बुलेंस का उद्घाटन विधायक राज पुरोहित के हाथों किया गया। इस मौके पर जहां सभी ने स्वर्गीय सरदार सुरजन सिंह आहूजा को याद किया, वही एस पी आहूजा ने कहा कि यह उनके परिवार का ही फैसला था कि इंसानों की मदद तो हर कोई करता है पर जानवरों की मदद करना सबसे बड़ी मानवता होती है। राज पुरोहित ने भी एस पी आहूजा और उनके परिवार का शुक्रिया अदा किया साथ ही यह भी कहा कि इंसान के लिए तो एस पी आहूजा तो कार्य करते रहते है पर यह जो जानवर के लिए किया यह सराहनीय है।








**बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से कल 16 अक्टूबर को मीरा रोड स्थित वाकहार्डट हास्पिटल द्वारा एडलसेंट क्लिनिक शुरू करने पर एक भव्य कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एक तरफ जहां बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के संस्थापक अध्यक्ष अजय एल दूबे अपनी पूरी टीम के साथ उपस्थित थे वहीं दूसरी तरफ लगभग दो सौ बच्चे अपने माता-पिता के साथ वहां उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में डाक्टर स्मिता मूर्ति और डाक्टर धनंजय गंभीरे अपनी टीम के साथ कार्यक्रम की शोभा बढा रहे थे।**



**पिछले 15 अक्टूबर को हुई डिस्ट्रिक्ट प्लानिंग कमिटी की बैठक में कार्यसम्राट विधायक असलम शेख ने मढ-वर्सोवा पुल के निर्माण कार्य को जल्द-जल्द शुरू करने के लिए मुंबई उपनगर जिला के संरक्षक मंत्रियों के बीच दिये अपने संबोधन में इस पुल को प्राथमिकता देने का आग्रह किया।**



मालाड विधानसभा क्षेत्र के कार्यसम्राट आमदार माननीय श्री असलम शेख जी के मार्गदर्शन में वार्ड क्र.३४ की नगरसेविका श्रीमती कमरजहाँ सिद्दीकी ने मालवणी के खरोडी इलाके में स्थित मार्वे क्वीन बिल्डिंग के रहिवासियों द्वारा ड्रेनेज लाईन व रोड की समस्या की जानकारी मिलते ही नगरसेविका जी ने महानगरपालिका के अधिकारियों समेत बिल्डिंग का दौरा किया और तुरंत ही ड्रेनेज लाईन व रोड के काम का जल्द से जल्द इस कार्य को पूरा करने का आश्वासन दिया।

# परिवार नियोजन को धक्का
## लापरवाह डाक्टरों पर सरकार का शिकंजा

छोटा परिवार सुखी परिवार की कहावत को चरितार्थ करते हुए आजकल बच्चों को बेहतर भविष्य देने की चाह में अधिकांश दम्पति अपना परिवार एक या दो बच्चों तक सीमित रखने को अधिमान देने लगे हैं ताकि बच्चों को अच्छी शिक्षा-दीक्षा देकर बेहतर नागरिक बना सकें।

यही कारण है कि अधिकांश दम्पति एक या दो बच्चों के बाद परिवार नियोजन का आप्रेशन अर्थात नसबंदी या नलबंदी करवा लेते हैं। हालांकि अधिकांश लोग आप्रेशन के बाद निश्चिंत हो जाते हैं परंतु ये आप्रेशन शत-प्रतिशत अचूक नहीं होते और इसी कारण आए दिन आप्रेशनों के विफल होने के समाचार आते रहते हैं तथा बच्चे को पालने में असमर्थ माता-पिता दुविधापूर्ण स्थिति में फंस जाते हैं।

झारखंड के देवघर के सारठ प्रखंड के लखना गांव की रहने वाली कलावती नामक महिला ने 25 जनवरी, 2014 को मधुपुर अनुमंडल अस्पताल में नलबंदी करवाई। कलावती और उसके विकलांग पति जतिन पंडित को विश्वास था कि अब वह गर्भवती नहीं होगी परंतु वह फरवरी, 2017 में पुनः गर्भवती हो गई जबकि इनका एक बेटा और बेटी पहले से हैं। कलावती का कहना है कि गरीबी की वजह से बच्चों की परवरिश में दिक्कत को देखते हुए जतिन ने उसकी नलबंदी करवाई थी, अतः उसने डाक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हजार्ने का दावा किया तथा कहा कि तीसरे बच्चे की परवरिश कर पाना उनके लिए कठिन है।



ऐसा ही एक मामला 16 जुलाई को सामने आया जब छत्तीसगढ़ के कांकेर में पति-पत्नी दोनों की नसबंदी के बावजूद पत्नी 4 साल बाद फिर गर्भवती हो गई जबकि परिवार में पहले ही चार बच्चे हैं। पत्नी गोदावरी बाई के अनुसार उसने जुलाई, 2012 में एक नलबंदी शिविर में नलबंदी करवाई थी जबकि इसके एक साल बाद पति सुखचंद ने अक्तूबर, 2013 में नसबंदी करवाई परंतु वह नवम्बर, 2016 में पुनः गर्भवती हो गई। हरियाणा में पलवल के सरकारी अस्पताल में एक महिला ने 2015 में नलबंदी का आप्रेशन करवाया था परंतु 2016 में वह पुनः गर्भवती हो गई और उसके घर पांचवीं बेटी पैदा हो गई।

इसी प्रकार 3 अक्तूबर, 2017 को रुड़की के निकट नारसन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डाक्टरों की लापरवाही सामने आई और वहां जनवरी माह में नलबंदी करवाने वाली एक महिला पुनः गर्भवती हो गई। पहले से ही उसके 2 बच्चे हैं और अब दो गर्भ में पल रहे हैं। इस संबंध में नवीनतम मामला उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर का है जहां वे 29 महिलाएं गर्भवती हो गईं जिनकी सरकारी अस्पताल में नैशनल फैमिली प्लानिंग कार्यक्रम के अंतर्गत नलबंदी की गई थी। यह मामला स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों तक पहुंचने पर सी.एम.ओ. डा. आर.पी. रावत ने इस मामले में तत्काल कार्रवाई करते हुए सर्जरी में लापरवाही करने वालों के विरुद्ध जांच के आदेश दिए हैं।

सी.एम.ओ. ने यह भी कहा है कि स्वास्थ्य विभाग अब ऐसे विशेषज्ञों की लिस्ट तैयार कर रहा है जिन्होंने पिछले वर्षों में सफल आप्रेशन किए हैं। अब भविष्य में सिर्फ ऐसे विशेषज्ञों से ही नलबंदी करवाई जाएगी। नलबंदी आप्रेशन विफल हो जाने के बाद यदि कोई महिला गर्भवती हो जाती है तो उसे 60 दिनों के भीतर अपने परिवार नियोजन आप्रेशन का प्रमाण पत्र एवं गर्भवती होने का प्रमाण पत्र परिवार नियोजन विभाग में जमा करवाने पर 30,000 रुपए अनुग्रह राशि दी जाती है लेकिन यह समस्या का समाधान नहीं है क्योंकि आप्रेशन के बावजूद महिला का गर्भवती होना परिवार नियोजन कार्यक्रम के उद्देश्य को ही समाप्त कर देता है।

# अमरीकी सेना की उत्तर कोरिया के खिलाफ तैयारी शुरू



उत्तर कोरिया द्वारा अमरीकी सीमा के अंदर गुआम क्षेत्र में मिसाइलें दागने की ताजा धमकियों के चलते दक्षिण कोरिया और अमरीकी सेना ने आज से अपना 5 दिवसीय नौसैनिक अभ्यास शुरू किया। अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप और उत्तर कोरिया के किंग किम जोंग उन के बीच चल रही तीखी बयानबाजी के कारण जंग का डर बना हुआ है और इस सैन्यभ्यास को युद्ध की तैयारियों के तौर पर देखा जा रहा है। हालांकि दक्षिण कोरिया की नौसेना ने कहा है कि दक्षिण कोरिया और अमरीकी सेना अक्सर युद्धाभ्यास करते हैं, जिन्हें उत्तर कोरिया घुसपैठ की रिहर्सल करार देता है। दक्षिण कोरिया की नौसेना ने कहा है कि कोरियाई प्रायद्वीप के पानी में शुरू होने वाली ड्रिल्स में लड़ाकू विमान, हेलीकॉप्टर और 40 नौसैनिक जहाज शामिल किए गए हैं। इनमें विमान वाहक यूएसएस रोनाल्ड रीगन भी शामिल है। दक्षिण कोरिया और अमेरिकी सेना अक्सर युद्धाभ्यास करते हैं, जिन्हें उत्तर कोरिया घुसपैठ की रिहर्सल करार देता है। उत्तर कोरिया ने पिछले सप्ताह अमरीका पर आरोप लगाया था कि वह विमान वाहक पोतों और अन्य सैन्य साजो-सामान को प्रायद्वीप में एकत्र कर युद्ध के लिए उकसा रहा है।

# जनधन खातों में शहरी इलाकों से ज्यादा ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा हुई बचत

महंगाई के मुद्दे पर चौतरफा घिरी सरकार के लिए राहत की खबर है। ग्रामीण इलाकों में ना सिर्फ महंगाई कम हुई है, बल्कि लोगों ने पैसे भी बचाए हैं। इसकी वजह बनी प्रधानमंत्री जन धन योजना। हाल ही में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने एक सर्वे के आधार पर ऐसा दावा किया है। एसबीआई की ग्रुप चीफ इकनॉमिक एडवाइजर सौम्या कांति घोष ने यह रिपोर्ट तैयार की है। सर्वे के मुताबिक प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत बैंक खाते खोलने वाले लोग अब ज्यादा बचत कर रहे हैं। लोगों ने शराब और तंबाकू जैसी चीजों की खरीद पर भी कमी की है। घोष के अनुसार इसे लोगों को पैसा खर्च करने के व्यवहार में बदलाव के तौर पर देखा जा सकता है। लोग नोटबंदी के बाद बचत की तरफ तेजी से बढ़ रहे हैं। रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि महाराष्ट्र, राजस्थान, बिहार और पश्चिम बंगाल जैसे इलाकों में लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं के लिए भी खर्च बढ़ाया है। जिस समय प्रधानमंत्री जनधन योजना लॉन्च की गई थी, उस समय आशंका जताई गई थी कि पैसे का ज्यादा मात्रा में सकुर्लेशन होने से मुद्रास्फीति प्रभावित हो सकती है। रिपोर्ट में खुदरा मुद्रास्फीति के डेटा का हवाला देते हुए बताया गया है कि जिन राज्यों में ग्रामीण इलाकों में 50 प्रतिशत से ज्यादा जनधन खाते हैं, उन राज्यों में मुद्रास्फीति पर सकारात्मक असर पड़ा है। नोटबंदी के बाद से जनधन खातों में तेजी से इजाफा हुआ है। अब तक ऐसे 30.38 करोड़ बैंक खाते खोले जा चुके हैं। जो कुल जनधन खातों के 75 प्रतिशत हैं। इसमें सर्वाधिक खातों की संख्या उत्तर प्रदेश में है जो 4.7 करोड़ के स्तर पर है। इसके बाद बिहार में 3.2 करोड़ और पश्चिम बंगाल में 2.9 करोड़ जनधन खाते खुले।




# कीर्ति कुल्हारी ने किया सैलून का उद्घाटन



शिवराम भंडारी जो शिवा हेयर डिजाइनर प्राइवेट लिमिटेड के मालिक हैं और जो बॉलीवुड के जानेमाने हेयर स्टाइलिस्ट हैं ,इन्होने इंदु सरकार फिल्म की हीरोइन कीर्ति कुल्हारी को अपने सोलहवें ब्रांच की ओपनिंग के लिए मुंबई के वालकेश्वर में आमंत्रित किया। ये यूनिसेक्स सलून बहुत बड़े एरिया में बना है। ब्रांच की ओपनिंग के लिए गुरुभाई ठक्कर , खुशी ठक्कर , एकता जैन , श्री राजपूत , संचिति सकट और अशोक धामनकर भी आये जिन्होंने शिवाराम को नए सलून के लिए ढेर सारी बधाई दी। शिवराम भंडारी हर ब्रांच की ओपनिंग पे अपनी पत्नी अनुश्री के साथ पूजा करते हैं। पूजा के बाद अपनी माँ गुलाबी भंडारी से आशीर्वाद लिया।

# नहीं थम रहा राजधानी दिल्ली में लगातार अपराधों का सिलसिला

देश की राजधानी होने के नाते दिल्ली के आम लोगों के लिए अधिक सुरक्षित होने की अपेक्षा की जाती है परंतु स्थिति इसके सर्वथा विपरीत है तथा यह अपराधों की राजधानी बन कर रह गई है ।

05 अक्तूबर को दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर में स्थित एक स्कूल के शौचालय में 6 साल की बच्ची के साथ बलात्कार के मामले में पुलिस ने आरोपी हाऊस कीपिंग स्टाफ को गिरफ्तार किया। रिपोर्टों के अनुसार यह घटना उस समय हुई जब पहली कक्षा की छात्रा टायलैट गई थी। 06 अक्तूबर को उत्तर-पश्चिम दिल्ली के मुकंदपुर चौक में एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी गई। 06 अक्तूबर को मायापुरी थाना क्षेत्र में दुकान से पनीर खरीदने गई महिला से बदमाशों ने सोने की चेन व मोबाइल लूट लिया। 06 अक्तूबर को पंजाबी बाग थाना क्षेत्र में स्कूटी सवार 3 बदमाशों ने एक युवक से बैग, मोबाइल और नकदी लूट ली।

06 अक्तूबर को नरेला में झपटमारी की घटना हुई तथा डाबड़ी इलाके में बदमाश ने एक युवती का मोबाइल छीनने की कोशिश की। 06 अक्तूबर को ही दिल्ली की आजादपुर मंडी में 2 बदमाशों ने एक व्यक्ति को गोली मार कर 10 लाख रुपए लूट लिए। पीड़ित व्यक्ति मंडी के एक आढ़ती के यहां काम करता है। 07 अक्तूबर को राजधानी के मानसरोवर इलाके में 82 वर्षीय एक महिला, उसकी 3 बेटियों और एक गार्ड की हत्या कर दी गई। 07 अक्तूबर को ही आऊटर दिल्ली के पश्चिम विहार में चोर घर के अंदर से कार की चाबी लेकर एक व्यवसायी की स्कोडा कार ले उड़े। 07 अक्तूबर को देर रात होंडा सिटी कार से आए चोर नरेला के सैक्टर 10 स्थित मार्कीट में आधा दर्जन से अधिक दुकानों में चोरी की वारदातों को अंजाम देकर फरार हो गए।

08 अक्तूबर को दक्षिण पूर्व दिल्ली में न्यू फ्रैंड्स कालोनी थाना क्षेत्र में एक युवती की गला घोंट कर हत्या कर दी गई। हत्यारे ने शव को बैडशीट में लपेटा और घर से दूर सड़क किनारे फैंक दिया और पैट्रोल छिड़क कर उसमें आग लगा दी। 08 अक्तूबर को ही उत्तर-पश्चिम दिल्ली के रोहिणी में एक व्यक्ति ने करवाचौथ का व्रत न रखने पर अपनी पत्नी को छुरा घोंप दिया और फिर चौथी मंजिल से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली।


09 अक्तूबर रात को एक जन्मदिन की पार्टी के सिलसिले में नई दिल्ली के एक होटल में आमंत्रित 2 बहनों से गैंग रेप किया गया। 11 अक्तूबर को दक्षिण दिल्ली के वसंत कुंज इलाके में 2 मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियों ने नंगल देवट रोड पर टैक्सी का इंतजार कर रही 34 वर्षीय महिला को खींच कर झाडियों में ले जाने की कोशिश की। 11 अक्तूबर को ही रोहिणी इलाके में बिहार के भाजपा विधायक जीबेश कुमार को 2 मोटरसाइकिल सवार लोगों ने बंदूक की नोक पर लूट लिया।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# अगली दिवाली तक राम मंदिर बन जाएगा

## चुनावी जीत के लिए हिंदू कार्ड जरूरी: स्वामी

**पटना।** बीजेपी के सीनियर लीडर सुब्रमण्यम स्वामी ने कहा है कि अगले साल दिवाली तक अयोध्या में राम मंदिर बन जाएगा। उन्होंने कहा कि राम मंदिर जल्द ही बनना शुरू होगा और अगले साल दिवाली तक यह भक्तों के लिए तैयार हो जाएगा। स्वामी ने ये भी कहा कि चुनाव में कामयाबी के लिए हिंदुत्व की आइडियोलॉजी को जगाना होगा। खबर के मुताबिक, राज्यसभा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी ने शनिवार को ये दावा किया। उन्होंने कहा कि राम मंदिर के रास्ते की बाधाओं को हटा दिया गया है। मंदिर तुरंत या थोड़े दिनों बाद ही बनना शुरू हो



सकता है। इस हफ्ते हम दिवाली मनाएंगे और अगली दिवाली तक राम मंदिर बनाकर भक्तों को सौंप दिए जाने के आसार हैं। स्वामी ने यह बात यहां विराट हिंदू संगम (वीएचएस) की बिहार यूनिट की तरफ से ऑर्गनाइज एक सेमिनार में कही। पूर्व केंद्रीय कानून मंत्री स्वामी ने कहा, चुनाव में कामयाबी हासिल करने के लिए ये जरूरी है कि हिंदुत्व की आइडियोलॉजी को फिर से जगाया जाए। स्वामी ने इस मौके पर नॉर्थ बिहार के सीतामढ़ी में भव्य जानकी मंदिर के निर्माण की भी घोषणा की और कहा कि वीएचएस भगवान राम की पत्नी सीता के इस मंदिर को बनवाने की कोशिश करेगा, क्योंकि सीतामढ़ी को सीता का जन्म स्थान माना जाता है। स्वामी ने कहा, जगत जननी जानकी के बिना मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की कल्पना नहीं की जा सकती।

### सीतामढ़ी में ही जगत जनती यूनिवर्सिटी भी बनेगी

स्वामी ने कहा कि सीतामढ़ी में ही जगत जननी यूनिवर्सिटी की भी स्थापना की जाएगी। विराट हिंदू संगम (वीएचएस) ही यह काम भी करेगा। यूनिवर्सिटी में कन्टेमपररी वोकेशनल ट्रेनिंग के अलावा प्राचीन भारत की शिक्षा को बढ़ावा दिया जाएगा।

### राम मंदिर मुद्दा हाईकोर्ट में

1989 के बाद राम मंदिर मुद्दा अपने उफान पर था। इस मुद्दे की वजह से तब देश में सांप्रदायिक तनाव फैला था। देश की राजनीति इस मुद्दे से प्रभावित होती रही है। हिंदू संगठनों का दावा है कि अयोध्या में भगवान राम की जन्मस्थली पर विवादित बाबरी ढांचा बना था। राम मंदिर आंदोलन के दौरान 6 दिसंबर, 1992 को अयोध्या में विवादित बाबरी ढांचा गिरा दिया गया था। मामला अब सुप्रीम कोर्ट में है।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट ने क्या दिया था फैसला?

30 सितंबर 2010 को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मंदिर मुद्दे पर फैसला भी सुनाते हुए अयोध्या की विवादित 2.77 एकड़ जमीन को तीन बराबर हिस्सों में बांटने का आदेश दिया था। कोर्ट ने तय किया था कि जिस जगह पर रामलला की मूर्ति है, उसे रामलला विराजमान को दे दिया जाए। राम चबूतरा और सीता रसोई वाली जगह निर्मोही अखाड़े को दे दी जाए। बचा हुआ एक-तिहाई हिस्सा सुन्नी वक्फ बोर्ड को दिया जाए।

## नीतीश की सरकार में भगवान के घर भी सुरक्षित नहीं, करोड़ों की चोरी



**समस्तीपुर/धर्मेंद्र कुमार।** करोड़ो कीमत की प्राचीन काल की मूर्ति जो अष्टधातु की है चोरों ने मंदिर से चोरी कर लिया। एक मंदिर से सिंहासन समेत डेढ़ दर्जन अष्टधातु की मूर्तियाँ चोरों ने चोरी कर ली है। चोरी की गयी मूर्तियों की कीमत करोड़ से अधिक आंकी गयी है। इस घटना से गांव के लोग सकते में हैं। पुलिस ने ताबड़तोड़ छापेमारी करते हुए शंका के आधार पर तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। घटना शुक्रवार की देर रात्रि की बताई गई है। मिली जानकारी के अनुसार जिले के वैनी ओपी के वैनी गांव स्थित राम जानकी मंदिर का ताला तोड़ कर चोरों ने एक करोड़ रुपये से अधिक कीमत की भगवान की मूर्तियां व चांदी का सिंहासन चुरा लिया। पुजारी और मंदिर की देखरेख करने वालों ने बताया कि चोरों ने 40-40 किलो की तीन बड़ी भगवान की मूर्तियों के अलावा 15 अन्य मूर्तियां चुरा ली है। चोरी हुई सभी मूर्ति अष्टधातु की थी। इसके अलावा करीब सवा किलो वजन की चांदी का सिंहासन की भी चोरी हुई है। चोरी की इस घटना की जानकारी पुजारी दामोदर ठाकुर के द्वारा लोगों को शनिवार के अहले सुबह दी गई। पुजारी शनिवार के अहले सुबह मंदिर की साफ-सफाई करने पहुंचा था, तो दृश्य देखकर अवाक रह गया। सभी की सभी मूर्तियाँ मंदिर से गायब थीं। पुजारी ने फौरन चोरी की घटना की जानकारी स्थानीय लोगों को दी। लोगों ने इसकी जानकारी वैनी ओपी की पुलिस को दी। सुचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की छानबीन करते हुआ ताबड़तोड़ कई जगहों पर छापेमारी की जिसमे शंका के आधार पर तीन लोगों को हिरासत में लिया है। ओपी पर तीनों से पूछताछ पुलिस कर रही है।

## *अखिलेश ने दीपावली से पहले फोड़ा बम*

# शिवपाल को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में जगह नहीं



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के संरक्षक तथा पिता मुलायम सिंह यादव का आशीर्वाद मिलने के बाद से राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव खुलकर बल्लेबाजी करने लगे हैं। आज उन्होंने समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की सूची जारी की। इस सूची में शिवपाल सिंह यादव को स्थान नहीं मिला है। दीवापली से पहले पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी जारी कर बड़ा बम फोड़ा है। आज समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी जारी की गई। इसमें पूर्व कैबिनेट मंत्री तथा इटावा के जसवंतनगर से विधायक शिवपाल सिंह यादव को जगह नहीं मिली है। अखिलेश यादव को पांच साल के लिए समाजवादी पार्टी की कमान मिलने के बाद अब पार्टी की नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी घोषित कर दी गई। कार्यकारिणी में अखिलेश ने अपने पिता और पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव के करीबियों का खास ध्यान रखा है। मगर, वो अपने चाचा शिवपाल सिंह यादव को पूरी तरह भूल गए हैं। शिवपाल अभी तक पार्टी का हिस्सा हैं। इस लिस्ट के जरिए अखिलेश यादव ने उन्हें घोषित रूप से किनारे कर दिया है। इस 55 सदस्यीय कार्यकारिणी में एक महीने पहले ही पार्टी में शामिल इंद्रजीत सरोज को राष्ट्रीय महासचिव जैसा महत्वपूर्ण पद प्रदान किया गया है जबकि शिवपाल सिंह यादव को इसमें सदस्य तक नहीं बनाया गया है। इस कार्यकारिणी में नया पद सृजित कर प्रोफेसर रामगोपाल यादव को प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव प्रदान किया गया है।

अध्यक्ष अखिलेश यादव की सहमति के बाद आज प्रोफेसर रामगोपाल यादव ने ही इस सूची को जारी किया है। अखिलेश यादव के इस फैसले से परिवार में एका को बड़ा झटका भी लगा है। शिवपाल सिंह यादव को आज जारी कार्यकारिणी की 55 सदस्यीय सूची में जगह न मिलने से परिवार में एकता के दावों को बड़ा झटका लगा है। संभव है इससे शिवपाल और अखिलेश के बीच तल्खी और बढ़ सकती है। इस सूची में अखिलेश यादव के साथ ही रामगोपाल यादव के भरोसेमंद लोग हैं। किरनमय नंदा पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर बरकरार हैं।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ जाप का धरना

**समस्तीपुर।** जिले के खानपुर प्रखंड में जाप पार्टी के द्वारा एक दिवसीय धरनादिया गया। माननीय सांसद श्री राजेश रंजन जी के आह्वान पर शिक्षा एवं चिकित्सा की बदहाली,एवम वयाप्त भ्ष्टार्चार के खिलाफ आंदोलन के पांच दिवसीय कार्यक्रम के तहत जाप एवम युवा शक्ति द्वारा खानपुर प्रखंड मुख्यालय पर आयोजित एक दिवसीय धरना युवा कार्यकताओं के द्वारा किया गया। धरना में अजय कुमार बुलगलीन,मनीष यादव आदि सैकड़ों लोग शामिल थे।

### दिन-दहाड़े ठेकेदार को गोलियों से भूना

**पटना।** गया जिले के गुरारू थाना क्षेत्र के डीहा गांव में सोमवार को अपराधियों ने दिनदहाड़े खूनी घटना को अंजाम दिया है और एक ठेकेदार रामाधार सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी है। बाइक सवार तीन अपराधियों ने इस घटना को अंजाम दिया है। सुबह हुई इस घटना के बाद स्थानीय लोग काफी आक्रोशित हैं और सूचना मिलने पर तहकीकात के लिए आई पुलिस टीम को खदेड़ दिया है। जिसमें कई पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं।

# राजबब्बर की बनाई व्यवस्था तय करेगी कांग्रेस के निकाय चुनाव प्रत्याशी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस ने निकाय चुनाव में विजय पताका फहराने को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। प्रदेश अध्यक्ष राजबब्बर ने इसके लिए तीन सदस्यीय समिति बना दी है। नगर निगम क्षेत्रों में उम्मीदवार तय करने के लिए वरिष्ठ नेताओं के नेतृत्व में समितियां बनेंगी। समिति दावेदारों के नामों का पैनल प्रदेश कार्यालय को भेजेगी और अंतिम फैसला लखनऊ में होगा। नगर पंचायत व पालिका परिषदों का फैसला क्षेत्रीय स्तर पर ही किया जाएगा। केवल विवादित मामले ही शीर्ष नेतृत्व तक आएंगे। समिति में प्रदेश संगठन प्रभारी सतीश अजमानी, उपाध्यक्ष अनुसुइया शर्मा व पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष नदीम अशरफ जायसी शामिल हैं। निकाय चुनाव को लेकर पार्टी प्रवक्ता वीरेंद्र मदान ने बताया कि ऐसे कार्यकताओं की कतई अनदेखी नहीं होगी जो बुरे दिनों में कांग्रेस का झंडा बुलंद किए हैं। नए चेहरों के साथ जिताऊ प्रत्याशी ही मैदान में उतारे जाएंगे। चुनाव प्रचार की मुख्य बागडोर प्रदेश अध्यक्ष राजबब्बर और कुछ प्रदेश स्तरीय नेताओं के हाथ में रहेगी लेकिन जरूरत पडने पर राष्ट्रीय नेताओं को भी बुलाया जाएगा। कांग्रेस ने 2007 में इलाहाबाद, झांसी व बरेली नगर निगमों में विजय पताका फहरायी थी। इस बार पार्टी इलाहाबाद, आगरा के अलावा मथुरा पर भी नजर लगाए है। लखनऊ में कांग्रेस को अच्छे दिन आने की उम्मीद है।

# बेकार बीयर बोतलों से बना है यह मंदिर

देश-विदेश के बहुत से मंदिर अपनी खूबसूरती और इतिहास के लिए मशहूर है लेकिन आज हम आपको बीयर बोतलों से बने मंदिर के बारे में बताने जा रहें है। बीयर बोतलों से बने इस मंदिर को वेस्ट मटीरियल का सही इस्तेमाल के लिए बनाया गया है। क्रेटिव तरीके से बने इस मंदिर को देखने के लिए कई टूरिस्ट आ रहें है। आइए जानते है इस मंदिर के बारे में। थाइलैंड के सिस्केट प्रांत में बने इस मंदिर का निर्माण कुछ भिक्षुओं ने मिलकर किया है। 10 लाख बीयर बोतलों से बने इस मंदिर का नाम 'वाट प महा चेदि खेव' रखा गया है। इस मंदिर के बाथरूम से लेकर शमशान तक को हरी बोतलों से तैयार किया गया है।

हरे और भूरे रंग से बने इस मंदिर की तारीफ हर कोई कर रहा है। दरअसल, इस मंदिर के निर्माण का सपना हेनेकेन नाम की एक कंपनी ने 50 साल पहले देखा था लेकिन किसी कारण वो इसे बना नहीं पाए।

अब कुछ सालों बाद इस मंदिर को पूरा करने की जिम्मेदारी बौद्ध भिक्षुओं ने ले ली और इस मंदिर का निर्माण किया। आज इस मंदिर को देखने के लिए पर्यटक दूर-दूर से आ रहें है। फालतू बीयर का ऐसा इस्तेमाल कोई सोच भी नहीं सकता।



## मुंबई हलचल राशिफल

-आचार्य परमानंद शास्त्री

**मेष:** स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। जोखिम न लें। प्रसन्नता रहेगी।

**वृष:** बुरी सूचना मिल सकती है। जोखिम न उठाएं। वाणी पर नियंत्रण रखें। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। दांपत्य संबंधी विवादों का समाधान निकलेगा।

**मिथुन:** यात्रा सफल रहेगी। मेहनत का फल मिलेगा। कार्यक्षेत्र में लाभदायी अवसर मिलेंगे। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। जल्दबाजी न करें।

**कर्क:** उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। अपने लोगों से संबंध सुधरेंगे। विवाद न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**सिंह:** रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है।

**कन्या:** जोखिम व जमानत के कार्य टालें। व्ययवृद्धि होगी। कर्ज लेना पड़ सकता है। अपेक्षाकृत कार्य रुकेंगे। घर में शुभ कार्य के आयोजन की भूमिका बनेगी।

**तुला:** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली होगी। रुके कार्यों में गति आएगी। जोखिम न उठाएं। अपने पराक्रम से धन एवं यश प्राप्त करेंगे।

**वृश्चिक:** यात्रा सफल रहेगी। कार्यस्थल पर सुधार होगा। योजना फलीभूत होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। सोचा हुआ कार्य वक्त पर होने से हर्ष रहेगा।

**धनु:** राजकीय बाधा दूर होगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। ईष्ट मित्रों से मिलन होगा। कार्य बनने से हर्ष रहेगा।


**मकर:** चोट, चोरी व विवाद से हानि संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। विवेक से कार्य करें। अधिकारी आपके गुणों की प्रशंसा करेंगे।

**कुंभ:** वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। कानूनी बाधा दूर होगी। प्रतिद्वंद्वी शांत रहेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। कार्यक्षेत्र में लाभदायी अवसर मिलेंगे।

**मीन:** संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। परिवार की चिंता रहेगी। भागदौड़ रहेगी। उन्नति होगी।

# इन शहरों में घूमने जा रहे हैं तो यहां के खाने का स्वाद लेना न भूलें

भारतीय लोगों को खाने का बहुत शौंक होता है। चटपटा, तीखा और मसालेदार खाना उनकी पहली पसंद होती है। कई लोग तो ऐसे होते हैं जो अलग-अलग खाने की तलाश में दूसरे शहरों में भी चले जाते हैं क्योंकि हर शहर की एक स्पैशल डिश होती है। ऐसे में अगर आप भी खाने के शौकिन हैं तो आज हम आपको कुछ ऐसे ही शहरों की स्पैशल डिश के बारे में बताएंगे।



**1. कोलकाता**

कोलकाता शहर अपनी खूबसूरती के साथ-साथ खाने के लिए भी बहुत मशहूर है। यहां के गोलगप्पे, चिकन रोल्स और बिरयानी सबसे फेमस है जो भारत के किसी दूसरे शहर में ऐसा स्वाद कहीं नहीं मिलेगा।

**2. लखनऊ**

लखनऊ को नवाबी शहर के नाम से भी जाना जाता है। यहां का नॉनवेज खाना सबसे मशहूर है। लोग दूर-दूर से यहां आकर अपनी मनपसंद नॉनवेज डिश खाते हैं।

**3. हैदराबाद**

यहां का मुगलई, टरकिश और अरेबिक खाना सबसे फेमस है। हैदराबाद की बिरयानी पूरे भारत में मशहूर है।

**4. मुंबई**

सपनों की नगरी मुंबई में स्ट्रीट फूड लोगों की पहली पसंद है। यहां मिलने वाला वड़ा पाव, नल्ली निहारी और पानी पुरी पूरी दुनिया में मशहूर हैं।

**5. दिल्ली**

यहां के छोले-भटूरे, मुरादाबादी बिरयानी और राजमा चावल सबसे फेसम हैं।

# यह कैसी प्रथा:

## इस राज्य में 1 साल के लिए किराए पर मिलती है बीवी!



महिलाओं को समाज में एक खास जगह दी गई है, आज दुनिया में शायद ही कोई क्षेत्र होगा जहां औरतों ने अपने हुनर से पहचान न बनाई हो। फिर भी दुनिया में कहीं न कहीं महिलाओं को लेकर अजीब रस्में निभाई जाती हैं जो सदियों से चली आ रही हैं और आजतक लोग उनकी पालन भी कर रहे हैं। आज हम जिस रस्म की बात कर रहे हैं वो है एक साल के लिए किराए पर बीवी बनाना। ऐसा दुनिया में कहीं नहीं बल्कि मध्य प्रदेश में होता है।

मध्य प्रदेश में स्थित शिवपुरी इलाके में धड़ीचा प्रथा बहुत प्रचलित है। यहां पर हर साल एक मंडी लगती है, जिसमें परिवार वाले के द्वारा ही लड़कियों को भेजा जाता है और उनको एक साल के लिए किसी कि बीवी बनने के लिए सौदा किया जाता है। पुरुष यहां आकर अपनी मर्जी से लड़की पसंद करते हैं और एक साल के लिए उसकी कीमत अदा करते हैं। फिर लड़की एक साल के लिए उस लड़के की बीवी बन जाती है।

इन दोनों की शादी तय समय तक कर दी जाती है। लड़का ज्यादा पैसे देकर 1 साल से ज्यादा समय तक भी लड़की को अपने साथ रख सकता है। जब यह सौदा पक्का हो जाता है तो एक स्टाम्प पेपर पर इस सौदेबाजी की लिखा-पढ़ी होती है। यह बात बहुत आश्चर्य जनक है कि आज के समय में भी बरसो से आ रही इस कुप्रथा का पालन हो रहा है। इसके खिलाफ यहां के लोगों और सरकार ने अभी तक कोई आवाज नहीं उठाई।


# इस चीनी डिलीवरी ब्वॉय ने स्कूटर पर ही कर ली शादी



अपनी शादी को हर कोई खास बनाना चाहता है। इसके लिए लोग न जाने क्या-क्या करते हैं। कोई हवा में लटककर शादी करता है तो कोई पानी के अंदर अपने पार्टनर के साथ सात फेरे लेता है। चीन के डिलीवरी ब्वॉय ने भी अपनी शादी ऐसे ही जरा हटके अंदाज में मनाई। चीनी रिपोर्ट की मानें तो दुल्हा डिलीवरी ब्वॉय का काम करता है। वह अपने स्कूटर से घर-घर जाकर सामान डिलीवर करता है। ऐसे में उसने सोचा क्यों न शादी भी अनोखे तरीके से की जाए।

स्कूटर पर निकली बारात इस शख्स ने पहले तो अपनी दुल्हन को मनाया और फिर स्कूटर लेकर निकल पड़ा शादी करने। उसने पूरी शादी स्कूटर पर बैठे-बैठे की। सबसे रोचक बात यह रही कि बाराती भी स्कूटर से थे। चीन की सड़कों पर जब ये कपल निकला तो उसके पीछे सैकड़ों स्कूटर सवार चल रहे थे। ये सभी डिलीवरी ब्वॉय थे और दूल्हे के साथ काम करते थे। इस पूरी घटना का वीडियो भी बनाया गया जो चीनी सोशल साइट्स पर खूब वायरल हो रहा। जब यह बारात निकल रही थी तो आसपास के लोग काफी हैरान थे। शायद उन्होंने इस तरह की शादी पहली बार देखी थी।

# गठिया दर्द हो जाएगा तुरंत गायब



## पीएं खीरे से बना ये ड्रिंक

बदलते लाइफस्टाइल में लोगों का खान-पान काफी हद तक बदल चुका है। जिसके चलते सेहत संबंधी छोटी-छोटी समस्याएं होना आम है। पहले समय में बढ़ती उम्र के लोगों को जोड़ों में दर्द की शिकायत होती थी लेकिन आजकल कम उम्र के लोगों में भी जोड़ों से जुड़ी समस्या यानी गठिया सुनने को मिल जाता है। गठिया एक ऐसी बीमारी है, जिसमें जोड़ों का दर्द अहसनीय हो जाता है। बहुत से लोग इनसे छुटकारा पाने के लिए कई पेनकिलर का इस्तेमाल करते है लेकिन दर्द है कि कम होने का नाम ही नहीं लेता है। यह दर्द धीरे-धीरे गठिए का रूप दारण कर लेता है। अगर आप भी आर्थराइटिस यानी गठिया रोग से परेशान है तो अपने खान-पान में थोड़ा बदलाव लाएं। ऐसी चीजों का सेवन करें, जिनसे हड्डियां मजबूत रहें। इसके अलावा आज हम आपको एक घरेलू नुस्खा बताएंगे, जिसके इस्तेमाल से गठिया रोग से तुरंत राहत मिलेगी।

**गठिया रोग जो जाएगा दूर करेंगा यह जूस :-**

सामग्री
- खीरा
- हल्दी

**बनाने का तरीका**

1 खीरा और 1 इंच ताजा हल्दी की जड़ लें। इसको पीसकर मिक्स करे लें। इसमें थोड़ा पानी और वनीला मिलाकर पीएं। इस ड्रिंक को दिन में कम से कम 2 बार पीएं। इससे आर्थराइटिस का दर्द दूर होगा है।

**क्या है इस ड्रिंक को पीने का फायदा?**

खीरे में एंटी-इन्फ्लामेट्री एजेंट मौजूद है जो दर्द को कम करने के साथ-साथ फ्री रेडिकल्स को नष्ट होने ने बचाता है। वहीं हल्दी गठिए के दर्द से राहत दिलाती है और जोड़ों की अकड़न दूर कर देती है।

# जल्द बदल लें ऐसी आदतें, वर्ना हो सकते हैं गंभीर बीमारी के शिकार



स्मार्टफोन हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा बन गया है। इसके बिना शायद एक दिन भी गुजार पाना मुश्किल है, क्योंकि ज्यादातर लोग इसके आदी हो चुके हैं। इसलिए किचन हो या फिर टॉयलेट हर जगह इसे अपने साथ ही रखते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि हद से ज्यादा फोन का इस्तेमाल करके आप कई घातक बीमारियों को न्यौता दे रहे हैं। Microbiologist Professor Sally Bloomfield की एक रिपोर्ट के मुताबिक अगर आप स्वस्थ्य रहना चाहते हैं, तो अपनी इन 5 आदतों को तुरंत बदल लें।

**जानिए कौन सी हैं ये 5 आदतें:-**

**- वॉशरूम में मोबाइल का इस्तेमाल**

टॉयलेट में बैठने से लेकर हैंड वॉश करने तक के बीच में मोबाइल का इस्तेमाल करना खतरनाक हो सकता है। ऐसा इसलिए कि टॉयलेट सीट, नल, हैंडल्स और सिंक में E. coli नामक कीटाणु पाए जाते हैं, जिससे UTI (Urinary Tract Infections) और आंतों से संबंधित गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इसके परिणामस्वरूप आप डायरिया और श्वास संबंधी बीमारी से ग्रसित हो सकते हैं।

- हैंडबैग साफ न करना

पर्स लगातार हमारे टच में रहता है, जिसके कारण इसमें Norovirus, MRSA और E. coli नामक खतरनाक कीटाणु पाए जाते हैं। इससे बचने के लिए अपने बैग को रोजाना एंटीबायोटिक क्लॉथ से अंदर और बाहर दोनों तरफ से साफ करें।

**- दरवाजे पर उतार जूते**

इसलिए कमरे के अंदर प्रवेश करने से पहले जूतों को बाहर ही उतार देना चाहिए, साथ ही ट्रैवल करते वक्त जूतों को किसी कपड़े में लपेट कर बैग में रखना चाहिए। ऐसा इसलिए कि जूतों में C.diff नाम का कीटाणु पाया जाता है, जो कई घातक बीमारी को जन्म देता है।

**- गंदा रिमोट**

रिमोट घर के किसी भी हिस्से में पड़ा रहता है, इसलिए इसमें E. coli सहित कई कीटाणुओं के होने की संभावना होती है। जरूरी है कि रिमोट का इस्तेमाल करने से पहले इसे अच्छी तरह से साफ कर लें।

**- स्पंज को ठीक से साफ करें**

बर्तनों की साफ-सफाई के लिए स्पंज बेहद उपयोगी है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इसके कारण कई सूक्ष्म जीवाणुओं का जन्म होता है। इससे बचने के लिए हर महीने स्पंज को बदल देना चाहिए। इसके साथ ही इस्तेमाल करने से पहले इसे गर्म पानी से साफ कर लेना चाहिए।



# बार-बार टूट रहे हैं नाखून तो ऐसे बढ़ाएं ग्रोथ

नाखून अच्छे स्वस्थ की भी निशानी होते हैं और हाथों का खूबसूरती को बढ़ाने का भी काम करते हैं। कुछ लोगों के नाखून जल्दी टूट जाते हैं। इनको बढाने के लिए वह कई तरह की क्रीम का इस्तेमाल करते हैं लेकिन इसका खास असर नहीं दिखाई देता। नाखूनों का पीलापन दूर करने और इनकी ग्रोथ को बढ़ाने के लिए खास केयर की जरूरत होती है। छोटे-छोटे टिप्स अपना कर नाखूनों को मजबूत किया जा सकता है।

**दूध**

दूध हड्डियों, दांतों और नाखूनों के लिए बहुत फायदेमंद है। एक अंड़े के सफेद भाग में दूध मिलाकर फैंट लें और इसमें 5 मिनट के लिए अपने नाखून डुबो कर रखें। हफ्ते में 2-3 बार ऐसा करने से नाखूनों को मजबूती मिलेगी और तेजी से बढ़ने शुरू हो जाएंगे।

**सरसों का तेल**

नाखून कमजोर होकर टूटतो हैं तो रात को सोने से पहले नाखूनों को 5 मिनट के लिए सरसों के तेल में डुबो कर रखें। कुछ दिन लगातर यह प्रक्रिया दोहराने से नाखून बढ़ने शुरू हो जाएंगे, इसके साथ ही इनको मजबूती भी मिलेगी।

**बादाम का तेल**

बादाम के तेल से नाखूनों की मसाज करने से ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है, जिससे नाखून की ग्रोथ तेजी से होती है। रात के समय रोजाना बादाम के तेल से नाखूनों की मसाज करें। फायदा मिलेगा।

**टूथपेस्ट**

कुछ लोगों को नाखून पीले होते हैं जो खूबसूरत दिखने के बजाएं भद्दे लगते हैं। इनको सफेद करने के लिए टूथपेस्ट का इस्तेमाल करें। नेल रिमूवर की तरह नाखूनों पर टूथपेस्ट को रगड़ें। इससे यह सफेद और मजबूत होने शुरू हो जाएंगे।

# इन घरेलू तरीकों से फीकी पड़ चुकी मेंहदी करें साफ

एक तरफ जहां करवाचौथ पर महिलाएं हाथों पर मेंहदी लगवाती हैं। मेंहदी के रंग को गहरा करने के लिए वे क्या कुछ नहीं करती। वहीं दूसरी तरफ जब मेंहदी का रंग हल्का पड़ने लगता है तो हाथ भद्दे लगने लगते हैं। ऐसे में महिलाएं जितना जल्दी हो सके मेंहदी के रंग से छुटकारा पाना चाहती हैं लेकिन मेंहदी के निशान इतनी जल्दी नहीं जाते। ऐसे में कुछ घरेलू उपाय अपनाकर फीकी पड़ चुकी मेंहदी डिजाइन को हटाया जा सकता है। आइए जानिए ऐसे ही कुछ आसान उपाय

**नींबू और सोडा**

इसके लिए 3 चम्मच बेकिंग सोडा में नींबू का रस मिलाकर पेस्ट तैयार करें। अब इसे हाथों पर लगाकर रगड़ें और कुछ देर के बाद पानी से धो लें। इससे मेंहदी का रंग हल्का हो जाएगा। दिन में 2-3 बार ऐसा करने से बहुत जल्दी हाथ साफ हो जाएंगे।

**डिट्रजेंट**

फीकी पड़ चुकी मेंहदी से छुटकारा पाने के लिए डिट्रजेंट भी बहुत फायदेमंद है। इसके लिए थोड़े से डिट्रजेंट में पानी डालकर पेस्ट बनाएं और इसे हथेलियों पर हल्का-हल्का रगड़ें। इससे धीरे-धीरे मेंहदी का रंग हल्का हो जाएगा।



**ऑलिव ऑयल और नमक**

इसके लिए जैतून के तेल में नमक मिलाकर गाढ़ा लेप तैयार करें और इसे कॉटन की मदद से हाथों पर लगाएं। कुछ देर लगाने के बाद सूखी कॉटन से हाथों को साफ करें जिससे मेंहदी उतरने लगेगी।

**आलू**

मेंहदी को हटाने के लिए आलू का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आलू के रस को हथेली पर लगाकर मसाज करें और सूखने के बाद गुनगुने पानी से हाथों को धो लें। दिन में 2-3 बार इस प्रक्रिया को दोहराने से मेंहदी छूटने लगेगी।

## धोनी के गोल ने दिलाई बैकहम की याद, कोहली की टीम विजयी

मुंबई। महेंद्रसिंह धोनी ने फुटबॉल मैदान पर भी अपना जलवा बिखेरा और उनके चमत्कारिक खेल की मदद से विराट कोहली की अगुआई वाली ऑल हार्ट्स टीम ने सेलेब्रिटी फुटबॉल मैच जीता। विराट की टीम ने अभिषेक बच्चन के नेतृत्व वाली ऑल स्टार टीम को 7-3 से हराया। अंधेरी खेल परिसर में हुए इस मैच में धोनी ने फ्रीकिक पर ऐसे शानदार तरीके से गोल दागा कि डेविड बैकहम की याद दिला दी और पूरा स्टेडियम तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। धोनी द्वारा ली गई इस किक पर ऑल स्टार्स के गोलकीपर मार्क रॉबिनसन के पास कोई जवाब नहीं था। उन्होंने गोल बचाने के लिए डाइव लगाई, लेकिन गेंद रोकना उनके लिए असंभव था। धोनी ने इससे पहले एक और गोल दागा और उन्हें 'मैन ऑफ द मैच' भी चुना गया। धोनी के अलावा कोहली ने दाएं छोर से तेज दौड़ लगाते हुए एक गोल किया और फिर भांगड़ा करने लगे। भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान पीआर श्रीजेश और फ्रेंच ओपन मिक्स्ड डबल्स के चैंपियन रोहन बोपन्ना भी कोहली की टीम से खेल रहे थे।

# सुनील गावस्कर फिर सेलेक्टर पर भड़के



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 टीम का सलेक्शन के बाद अब सुनील गावस्कर न्यूजीलैंड के खिलाफ सलेक्ट हुई टीम से भी खफा हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज में आशीष नेहरा को शामिल करने पर सुनील गावस्कर ने भारतीय सलेक्शन पैनल के फैसले पर सवाल उठाया है। बता दें कि इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज में अजिंक्य रहाणे की जगह केएल राहुल को शामिल करने पर भी गावस्कर खासे नाराज हुए थे। उनका कहना था कि लगातार शानदार प्रदर्शन करने के बाद भी रहाणे को टीम में नहीं चुना गया है और लगातार फ्लॉप रहने के बाद भी लोकेश राहुल को टी-20 टीम में जगह क्यों मिली है।

बता दें कि आशीष नेहरा अपने संन्यास का ऐलान कर चुके हैं। बीसीसीआई नेहरा को उनका फेयरवेल मैच उनके होम ग्राउंड दिल्ली के फिरोज शाह कोटला मैदान पर खिलाकर उन्हें यादगार विदाई देना चाहता है। बीसीसीआई का ये प्लान पूर्व कप्तान को कुछ रास नहीं आ रहा है। उनका कहना है कि सलेक्टर्स को भावनाओं में बहकर नहीं, बल्कि मैरिट के हिसाब से अपना काम करना चाहिए। गावस्कर ने कहा है कि, आशीष नेहरा का संन्यास एक अलग मुद्दा है, लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टी-20 में उनका चयन क्यों किया गया है? उन्होंने कहा कि नेहरा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी पहले दो टी-20 मैच नहीं खेले थे तो अब न्यूजीलैंड के खिलाफ उन्हें प्लेइंग इलेवन में क्यों जगह मिली है। उन्होंने कहा कि, उनका चयन न्यूजीलैंड के खिलाफ भी सिर्फ पहले टी-20 मैच के लिए हुआ है।

## शानदार फॉर्म के बावजूद पृथ्वी शॉ नहीं चुने गए एशिया कप की टीम में



**नई दिल्ली।** अपनी दमदार बल्लेबाजी के कारण चर्चा में आए युवा बल्लेबाज पृथ्वी शॉ का चयन अगले महीने होने वाले अंडर-17 एशिया कप के लिए नहीं हुआ है। इसके पीछे कारण भी जान लीजिए। दरअसल बीसीसीआई की जूनियर चयनसमिति ने क्रिकेट की सनसनी बने 17 वर्षीय बल्लेबाज पृथ्वी शॉ को मलेशिया में अगले महीने होने वाले एशिया कप की टीम में नहीं चुनने का फैसला किया है। ताकि वह रणजी ट्रॉफी में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रख सकें। शॉ ने अगस्त में इंग्लैंड दौरे के दौरान सीमित ओवरों की श्रृंखला में भारत अंडर-19 टीम का नेतृत्व किया था। बीसीसीआई ने अपने बयान में कहा, चयनकताओं की राय थी कि हाल में दलीप ट्रॉफी में फाइनल में शतक (154 रन) बनाने वाले 17 वर्षीय पृथ्वी शॉ को रणजी ट्रॉफी में खेलना चाहिए। बीसीसीआई एक अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर कहा कि यह फैसला भारत-ए और अंडर-19 कोच राहुल द्रविड़ से परामर्श करने के बाद लिया गया, जिनका मानना था कि मुंबई के इस युवा बल्लेबाज को रणजी ट्रॉफी पर अधिक ध्यान देना चाहिए। शॉ की अनुपस्थिति में हिमांशु राणा अंडर-19 टीम की अगुवाई करेंगे। एशिया कप नवंबर में मलेशिया में होगा। पहले यह टूर्नामेंट भारत में होना था, लेकिन पाकिस्तान ने सुरक्षा कारणों का हवाला देकर यहां आने से इन्कार कर दिया था।

*टीम : हिमांशु राणा (कप्तान), अभिषेक शर्मा (उपकप्तान), अथर्व ताइडे, मनजोत कालरा, सलमान खान, अनुज रावत, हार्विक देसाई, रियान पराग, अंकुल राय, शिव सिंह, तनुष कोटियान, दर्शन नालकांडे, विवेकानंद तिवारी, आदित्य ठाकरे, मनदीप सिंह।*

## महिला एशिया कप में भारत की अगुवाई करेगी रानी रामपाल



**नई दिल्ली।** स्ट्राइकर रानी रामपाल 28 अक्तूबर से जापान के काकामिगाहारा सिटी में होने वाले नौवें महिला एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में भारत की 18 सदस्यीय टीम की अगुवाई करेंगी। सीनियर गोलकीपर सविता को उपकप्तान बनाया गया है। एशिया कप के लिए चुनी गई महिला टीम में नीदरलैंड और बेल्जियम दौरे पर गई टीम की तुलना में 5 बदलाव किए गए हैं। अनुभवी डिफेंडर सुशीला चानू ने टीम में वापसी की है जबकि फारवर्ड नवनीत कौर, नवजोत कौर और सोनिका भी टीम में हैं। गोलकीपिंग का जिम्मा सविता और रजनी ई पर होगा जबकि डिफेंस में दीप ग्रेस इक्का, सुनीता लाकडा, सुमन देवी और गुरजीत कौर मोर्चा संभालेंगी। मिडफील्ड में नमिता टोप्पो, निक्की प्रधान, मोनिका, लिलिमा मिंज और नेहा गोयल होंगे जबकि रानी, वंदना कटारिया और लालरेम्सियामी फारवर्ड पंक्ति में होंगी।

नए कोच हरेंद्र सिंह के साथ भारतीय टीम का यह पहला टूर्नामेंट होगा। वे जापान में अच्छा प्रदर्शन करके अगले साल लंदन में होने वाले महिला हाकी विश्व कप के लिए क्वालीफाई करना चाहेंगे। हरेंद्र ने कहा कि हमारे पास युवा और अनुभवी खिलाडियों का अच्छा मिश्रण है जिससे हमें फायदा मिलेगा। टीम ने बड़ी रैंकिंग वाली टीमों के खिलाफ अच्छी तैयारी की है और हमारे खेल में सुधार आया है।

**टीम :** गोलकीपर : सविता, रजनी ई डिफेंडर : दीप ग्रेस इक्का, सुनीता लाकड़ा, सुशीला चानू, सुमन देवी, गुरजीत कौर मिडफील्डर : निक्की प्रधान, नमिता टोप्पो, मोनिका, लिलिमा मिंज, नेहा गोयल। फारवर्ड : रानी रामपाल (कप्तान), वंदना कटारिया, लालरेम्सियामी, सोनिका, नवनीत कौर, नवजोत कौर।

## भारत-ए ने न्यूजीलैंड-ए को हराकर 3-0 से अपने नाम की सीरीज

**नई दिल्ली।** कर्ण शर्मा (नाबाद 38) और शारदुल ठाकुर(40) के बीच सातवें विकेट के लिये 65 रन की साझेदारी के दम पर भारत ए ने रविवार को न्यूजीलैंड ए को पांच मैचों की अनौपचारिक सीरीज के आखिरी मैच में 103 गेंद शेष रहते तीन विकट से हराकर सीरीज 3-0 से अपने नाम की। टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुये न्यूजीलैंड की टीम 44.2 ओवर में 173 रन पर ढेर हो गयी। भारत ने इसके जवाब में 32.1 ओवर में सात विकेट पर 174 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज जॉर्ज वर्कर (39) और कप्तान हेनरी निकोल्स (42) के अलावा कोई भी बल्लेबाज भारतीय गेंदबाजों का जमकर सामना नहीं कर पाया। कीवी पारी के 24वें ओवर में बासिल थंपी हैट्रिक लेने से चूक गये। ओवर की दूसरी और तीसरी गेंद पर उन्होंने वर्कर और टॉम ब्लुंडेल (शून्य) के विकेट चटकाने के बाद पांचवीं गेंद पर टिम सेफर्ट (शून्य) को आउट कर न्यूजीलैंड का स्कोर छह विकेट पर 98 रन कर दिया।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# खुद को फैशनेबल नहीं मानतीं 'बेफिक्रे' फेम वाणी कपूर



वर्ष 2018 के अमेजॉन इंडिया फैशन वीक स्प्रिंग–समर में डिजाइनर पायल जैन के लिए रनवे पर जलवे बिखेर चुकीं वाणी कपूर ने बताया कि वह बॉलीवुड की फैशनेबल अभिनेत्रियों में से नहीं हैं। वाणी ने रैंप पर वॉक से पहले कहा, 'मुझे नहीं लगता कि मैं बॉलीवुड की फैशनेबल अभिनेत्री हूं बल्कि मुझे पता है कि मुझ पर क्या फबता है और बॉडी टाइप कैसा है इसलिए इससे मैं खुश हूं और इसी आधार पर इसे बनाए रखने की कोशिश में हूं।' वाणी कपूर ने कहा, 'वह सौभाग्य से फैशन वीक्स के कारण रैंप पर आ पाई हैं।' उन्होंने कहा, 'यह हमेशा एक जैसा और लगातार रोमांचक रहा है।

बता दें कि वाणी कपूर जो के पूर्व में भी हमे अपने बोल्ड फोटो व वीडियो के चलते सुर्खियों में नजर आ चुकी है। वाणी कपूर जो के पूर्व में हमे रणवीर सिंह के संग में अपनी फिल्म 'बेफिक्रे' के चलते भी खासा सुर्खियों में रह चुकी है। अब एक बार फिर से वाणी कपूर अपने बोल्ड अंदाज व बयान से सभी को इंप्रेस करते नजर आ रही है। बॉलीवुड अभिनेत्री वाणी कपूर ने 2013 में आई फिल्म 'शुद्ध देसी रोमांस' से अभिनय के क्षेत्र में कदम रखा था।

# प्रियंका ने बयां किया अपना दर्द



बॉलीवुड एक्ट्रैस प्रियंका चोपड़ा आज केवल देश में ही नहीं बल्कि विदेश में भी काफी पॉपुलर हैं और उनके कई फैन्स हैं, लेकिन उनका यह सफर आसान नहीं था। शुक्रवार को प्रियंका को मशहूर मेगजीन वैराइटी द्वारा 'पावर ऑफ वुमन' के टाइटल से नवाजा गया। इस कार्यक्रम में शामिल हुई प्रियंका ने अपने कैरियर के शुरूआती वक्त की बातों पर चर्चा करते हुए बताया कि जब वह अपने कैरियर के शुरूआती वक्त में थी तो उन्हें कई मजाकिया शर्तों पर काम करने के लिए कहा जाता था। अपने स्ट्रगल के दिनों को याद करते हुए प्रियंका ने कहा, ₹करियर की शुरूआत में जब मैं 18 या 19 साल की थी, तब मुझे हास्यास्पद शर्तों पर काम करने के लिए मजबूर किया जाता था। मुझसे कहा जाता था कि कम सैलेरी लो, वरना तुम्हें किसी और से रिप्लेस कर दिया जाएगा।

# बैडशीट जैसी ड्रैस पहन MAMI फैस्टविल में पहुंची श्रीदेवी



बॉलीवुड एक्ट्रैस श्रीदेवी हाल ही में MAMI फैस्टविल में पहुंची। श्रीदेवी की ड्रैसिंग निराशाजनक रही। श्रीदेवी की स्टाइलिंग पर पहले भी सवाल खड़े हुए हैं। वे या तो ओवरसाइज्ड ड्रैस में दिखीं या फिर अजीब प्रिंट वाले। फैस्टविल में ने अनामिका खन्ना का डिजाइन किया हुआ फ्लोरल प्रिंट पैंट मैचिंग के कफ्तान के साथ पहना। जिसकी तुलना बैडशीट से की गई। उन्होंने इसके साथ मैचिंग का क्लच इस्तेमाल किया था। उनके इस लुक की सोशल मीडिया पर भी मिली–जुली प्रतिक्रिया रही। यह भी कहा गया कि इसी तरह की फ्लोरल प्रिंटवाली ड्रैस में कुछ दिल पहले सोनम कपूर नजर आई थीं। यह ड्रैस उससे कॉपी हो सकती है।

# ये है दुनिया की पहली व्हीलचेयर मॉडल



अलेक्सजेंड्रा कुतास यूक्रेन की मॉडल हैं। अलेक्सजेंड्रा पैदाइशी व्हीलचेयर पर हैं। वे इस तरह की दुनिया की पहली मॉडल हैं। अलेक्सजेंड्रा कुतास यूक्रेन की सुपरमॉडल विकलांग हैं। उन्होंने अपने पैर कभी जमीन पर नहीं रखा है। लेकिन जब वे व्हीलचेयर से रैंपवॉक करतीं हैं तो सबकी धड़कने रुक जाती हैं और निगाहें उनपर चली जाती है। वे कहतीं हैं कि, जिंदगी में मैं अपने पैरों के बल खड़ी होकर उस पल का एहसास लेना चाहती हूं। बता दें कि 23 वर्षीय अलेक्सजेंड्रा कुतास दिल्ली की एक मॉडलिंग एजेंसी के साथ एक करार साइन किया है। इसके अलावा हाल ही में वे इंडियन रनवे वीक 2017 में हिस्सा लिया। उन्होंने इंडियन रनवे वीक 2017 में डिजाइनर निखिल और रिवेंद्र के लिए शो में भाग लिया था। उस दौरान रैंप पर उतरी अलेक्सजेंड्रा की अदाएं और खूबसूरती को देख सब दंग रह गए। उनकी आत्मविश्वास को देख अन्य सारी मॉडलें दंग रह जाती हैं। अलेक्सजेंड्रा को जन्म से ही स्पाइनल कोर्ड इंजरी है। इस कारण उनके कमर के नीचे का हिस्सा लकवाग्रस्त है। जैसा कि इनकी खूबसूरती के नमूने आप इनकी इंस्टाग्राम पर भी देख सकते है, जो आए दिन अपनी तस्वीर शेयर करती रहती हैं।